BEST EMERGENCY CARE IN TRAUMA, STROKE & HEAD INJURY
जानकी न्यू लाईफ मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली, गोंदिया - 441614
EMERGENCY :- 75 108 57 108
हेड इंजरी, कोमा, सरदर्द, ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी के उपचार और सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, आर्थोपेडिक्स, न्यूरो रिहेब, इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, जॉईंट रिप्लेसमेंट, आईसीयू मॉड्यूलर ओटी, यूरो सर्जरी, वैस्कुलर सर्जरी..एम.आर.आई, सीटी स्कैन, यूएसजी, एक्स रे, प्रसूति व स्त्री रोग तज्ञ..
GONDIA'S FIRST BURN WARD
डॉ. सनी सतीश जायसवाल न्यूरो सर्जन
डॉ. सौ. पूनम सनी जायसवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 13 अगस्त 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 198 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07





कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# कलेक्टर कुमार सत्यम ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक, गांव-गांव डोर-टू-डोर मॉनिटरिंग के निर्देश..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने 12 अगस्त बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर बिरसा एवं बैहर क्षेत्र में हाल ही में बीमार हुए बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कुंडेकसा सहित बोंदारी और कोरका गांवों में बीमार बच्चों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।***

कलेक्टर ने कहा कि बिरसा क्षेत्र की 20 गांवों की 5 ग्राम पंचायतों तथा बैहर क्षेत्र की 20 गांवों की 4 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाए। प्रत्येक गांव में बीमार बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गांव का एक भी बच्चा स्वास्थ्य निगरानी से नहीं छूटना चाहिए।

### प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य अमले की तैनाती

कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि बिरसा और बैहर के चिन्हित 40 गांवों में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले की ड्यूटी लगाई जाए। प्रत्येक गांव में सेक्टर सुपरवाइजर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सहायिका और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वहीं प्रत्येक दो गांवों के लिए एक मेडिकल ऑफिसर की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। इसके तहत कुल 40 एएनएम, 40 आशा कार्यकर्ता, 40 सहायिका तथा 20 मेडिकल ऑफिसर की ड्यूटी सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही एक-एक ईएमयू और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता पडने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए। बच्चों में बीमारी के लक्षण पाए जाने पर तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी गांवों में उपस्थित रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई पर जोर

कलेक्टर श्री सत्यम ने आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालाघाट शहर में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, हुआ वंदेमातरम् का भव्य जयघोष..

## राष्ट्र का गौरव उत्सव, जन भागीदारी का संकल्प - बोले भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे

## की भारत माता की आरती, राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत हुआ नगर..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***भारतीय जनता पार्टी के आव्हान और भारतीय जनता युवा मोर्चा के सहयोग से हर-घर तिरंगा, घर-घर अभियान 2026 के तहत देशभक्ति, राष्ट्र की एकता और अखंडता से ओतप्रोत नगर में भव्य व दिव्य तिरंगा यात्रा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक से निकली। जो***

हनुमान चौक, महावीर चौक, गुजरी चौक होते हुए कालीपुतली चौक, भारत माता चौक में संपन्न हुई। जहां भारत माता की आरती कर वंदेमातरम का जयघोष किया गया। यात्रा में भारत माता के जयकारों के साथ माहौल सराबोर हो गया। यहां हाथों में लिए तिरंगे की शान ने देशभक्ति का भाव जगा दिया। इस दौरान छात्र -छात्राओं की रैली में भागीदारी आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं जगह-जगह नगरवासियों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत-सत्कार किया। उल्लेखनीय रहे इस यात्रा को सफल बनाने में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया। सपापन में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने कहा राष्ट्र का गौरव उत्सव, जनभागीदारी का संकल्प है। हम सबका इस महत्वपूर्ण यात्रा में योगदान निर्णायक है। लहराता हुआ तिरंगा हमें अपने वीर शहीदों के त्याग, बलिदान और देश के प्रति समर्पण की याद दिलाता है। आइए, हम सभी मिलकर तिरंगे की आन, बान और शान को बनाए रखने का संकल्प लें। इस अवसर पर देश भक्ति, जोश, जज्बा और जुनून के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम बिसेन, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, जितेन्द्र सिंह मोहारे, डॉ. नरेंद्र भैरम, अभय सेठिया, किरण भाई त्रिवेदी, रूपेश वैध, मोनिल जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना राहंगडाले, सिद्धांत पाटिल, यशवंत लिल्हारे, रमाकांत डहाके, राकेश सेवईवार, डिल्लन सिंह ताराम, अभय कोचर, अजय मिश्रा, राजेश पाठक, संजय गौतम, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पूर्व गजेन्द्र भारद्वाज, भाजयुमो यात्रा प्रभारी प्रज्जवल चौरसिया, सह प्रभारी अखिलेश चौरे, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, तपन चौधरी, राजेश लिल्हारे, भारत चौधरी, गरिमा गौतम, गौरी लिल्हारे, श्वेता जैन, योगिता बोपचे, रक्षा हरिनखेरे, पूनम गोरले, लतेश गौतम, दीपक लिल्हारे, लतेश गौतम, खिमेन्द्र गौतम, संतोष सिंगारे, संजू वराडे, रंजीत गोयल, सिद्धार्थ वाजपेई, हिमांशु चौकसे, विक्की बिसेन सहित बड़ी संख्या में नगर वासी, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी उपस्थित और छात्र-छात्राएओं की सारगर्भित भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार..

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर कुमार सत्यम करेंगे ध्वजारोहण..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालाघाट स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कलेक्टर श्री कुमार सत्यम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे प्रातः निर्धारित समय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस एवं विभिन्न विभागों के जवानों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न आयोजन भी होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### वंचित विद्यार्थियों के लिए बीएससी प्रथम वर्ष की एनालिटिकल केमेस्ट्री परीक्षा 19 को..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बीएससी प्रथम वर्ष पुरानी पूरक परीक्षा में बीएससी प्रथम वर्ष मेजर द्वितीय के एनालिटिकल केमेस्ट्री प्रश्नपत्र की परीक्षा 7 अगस्त 2026 को आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए पुनः परीक्षा 19 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जो परीक्षार्थी 7 अगस्त को आयोजित परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे, वे ही 19 अगस्त को होने वाली पुनः परीक्षा में सम्मिलित होंगे। वहीं, जिन विद्यार्थियों ने 7 अगस्त को इस प्रश्नपत्र की परीक्षा पहले ही दे दी है, उन्हें पुनः आयोजित परीक्षा में शामिल नहीं होना है। विश्वविद्यालय ने परीक्षार्थियों से परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

# आदिवासी क्षेत्रो में निःशुल्क सेवाओं के लिये विश्व आदिवासी दिवस पर डॉ. रमेश सेवलानी सम्मानित



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिले के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी को विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने सम्मानित किया। उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में बाहर से पहुंचे अतिथियों के अलावा, जिला का आदिवासी समाज, बड़ी संख्या में मौजूद था।***

आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी को यह सम्मान, उनके लगातार वनांचल आदिवासी क्षेत्रो में स्वास्थ्य शिविर पर प्रदान किया गया। आपको बताते चले कि आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी, जिले के एक प्रख्यात चिकित्सक है, जिनके पास ना केवल जिले बल्कि पड़ोसी महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के लोग भी ईलाज कराने पहुंचते है। यही नहीं बल्कि डॉ. रमेश सेवलानी भी, स्वास्थ्य से पीड़ित मानवता की सेवा में हमेशा तत्पर रहते है। उनका सबसे ज्यादा फोकस, जिले के उन आदिवासी वनांचल क्षेत्र में होता है, जहां शासन, प्रशासन की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं पहुंच पाती है। दशको के चिकित्सीय इतिहास में डॉ. सेवलानी, अब तक दौ सौ से ज्यादा निःशुल्क शिविरों का आयोजन करते हुए हजारों, आदिवासी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचा चुके है। जानकार बताते है कि बालाघाट में एकमात्र आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी ही ऐसे डॉक्टर है, जिन्होंने स्वयं के खर्च से पीड़ित मानवता की सेवा में इतने ज्यादा शिविरों का आयोजन किया है।

विश्व आदिवासी दिवस पर आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी के सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रंगोली एवं चित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन..






**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं एनसीसी के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अगस्त 2026 को महाविद्यालय परिसर में तिरंगा रंगोली एवं चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान के संयोजक डॉ. डुलेश्वरी टेंभरे, डॉ. गजानंद कटरे एवं प्रो. सुखचंद एड़े तथा तिरंगा रंगोली एवं चित्र प्रदर्शनी की संयोजक डॉ. तारा सिंगराम के नेतृत्व में किया गया। तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्र प्रदर्शनी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों और राष्ट्रभक्ति की भावना को रंगोली एवं चित्रों के माध्यम से आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में तिरंगा रंगोली समिति की सदस्य डॉ. चित्रमाला भीमटे एवं डॉ. हिना सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित किया गया।



# हर घर तिरंगा अभियान में डाईट छात्रों ने निकाली देशभक्ति रैली.. लगाए नारे..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) बालाघाट के डीएलएड विद्यार्थियों ने नगर में देशभक्ति रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना रहा। रैली में डीएलएड विद्यार्थियों ने तिरंगा लेकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान 'घर-घर तिरंगा फहराएंगे, आजादी का अमृत उत्सव मनाएंगे', 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्', 'मेरा देश तिरंगा-मेरी शान' तथा 'हर घर तिरंगा-हर दिल तिरंगा' जैसे देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। डाईट प्राचार्य नरेश प्रसाद मलगाम ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने की महत्वपूर्ण पहल है। तिरंगा देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष की याद दिलाता है। यह अभियान नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जुड़ाव को मजबूत करता है। तिरंगा देश की शान, एकता और अखंडता का प्रतीक है तथा हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों को एक सूत्र में जोडने का संदेश देता है। रैली में वरिष्ठ व्याख्याता अरविंद मते, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सरला भारद्वाज, उच्चतर माध्यमिक शिक्षक श्री तुलेन्द्र कुथे सहित डाईट में अध्ययनरत डीएलएड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

# कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिया गया लक्ष्य, नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का संदेश




**जगप्रेरणा बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार छवि पंत एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी फिरदोश शाह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि फिरदोश शाह ने छात्राओं को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं के अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। तहसीलदार छवि पंत ने छात्राओं में युवा शक्ति, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित करने पर जोर दिया। महाविद्यालय की सह प्राध्यापक डॉ. दीपरत्ना मासुलकर ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा, ऊर्जा एवं रचनात्मकता के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को नैतिक मूल्यों, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक संवेदनशीलता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सीख दी। उन्होंने छात्राओं से अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में युवाओं की वर्तमान भूमिका एवं भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायी एवं सकारात्मक रहा। कार्यक्रम में छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफकी सहभागिता रही तथा सभी को ÷सशक्त युवा, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र÷ के संकल्प के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया गया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नेशनल हाईवे- 44 पर चाकू दिखाकर दहशत फैलाने वाले 2 युवक गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर थाना बंडोल पुलिस की त्वरित कार्रवाई..

## आरोपियों से 02 अवैध चाकू जप्त, भेजे गए जेल..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं **SDOP** सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बंडोल पुलिस ने नेशनल हाईवे-44 पर आमजन को डरा-धमका कर रौब दिखाने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया है। दिनांक 11.08.2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें 02 व्यक्ति अलोनिया टोल के पास नेशनल हाईवे एन.एच.-44 पर मारुति सुजुकी कार से चलते हुए खिड़की से चाकू निकालकर राहगीरों को डरा-धमका रहे थे। वीडियो का संज्ञान लेते ही थाना प्रभारी बंडोल उनि. मनोज कुमार जंघेला ने तत्परता से टीम गठित कर आरोपियों की पहचान की।

### गिरफ्तार आरोपी..

आकाश उर्फ दुर्गेश पिता सालिकराम विसेन, उम्र 25 वर्ष, निवासी मानेगांव, बारापत्थर, थाना डूण्डासिवनी, निखिल उर्फ कृष्णकुमार पिता लीलाधर कौशिक, उम्र 24 वर्ष, निवासी बारापत्थर, मानेगांव, थाना डूण्डासिवनी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। उनके कब्जे से 02 धारदार बकानुमा चाकू जप्त किए गए।

आरोपियों के विरुद्ध थाना बंडोल में अपराध क्रमांक 307/26 एवं 308/26, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विधिवत गिरफ्तारी उपरांत दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल सिवनी में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराया गया।

### सराहनीय भूमिका..

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. मनोज कुमार जंघेला, सउनि. राजेन्द्र ठाकुर, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, प्र.आर. रजनीकांत ठाकुर एवं आर. संतोष डहेरिया की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने वालों के विरुद्ध सिवनी पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

# आदेगांव पुलिस की तत्परता से बची एक जान

## समय पर सीपीआर और अस्पताल पहुंचाने से फांसी के फंदे से लटके व्यक्ति को बचाया गया..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं **SDOP** अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना आदेगांव पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर एक व्यक्ति की जान बचाई गई।

दिनांक 11.08.2026 को डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोरिया के एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उनि. आशीष धुर्वे, प्रआर लक्ष्मण भलावी एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्य विकास यादव तत्काल मौके के लिए रवाना हुए।

मौके पर ग्राम बोरिया के जंगल के पास एक सागौन के पेड़ के नीचे शिवकुमार इनवाती पिता बेलापुर इनवाती, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम बोरिया, थाना आदेगांव को परिजनों द्वारा फंदे से नीचे उतारा हुआ पाया गया। थाना स्टाफ द्वारा तत्काल व्यक्ति के नाक, गले एवं सीने पर धड़कन व श्वास की जांच की गई। हल्की धड़कन एवं श्वास पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही **CPR** एवं चेस्ट पंप दिया गया।

इसके उपरांत सूचना कर्ता एवं परिजनों की सहायता से घायल को जंगल से बाहर लाकर डायल-112 वाहन से तत्काल सिविल अस्पताल लखनादौन पहुंचाया गया। समय पर उपचार मिलने से शिवकुमार इनवाती अब स्वस्थ है एवं उपचाराधीन है।

### सराहनीय भूमिका..

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. आशीष धुर्वे, प्रआर लक्ष्मण भलावी, ग्राम रक्षा समिति सदस्य विकास यादव एवं डायल-112 वाहन चालक चंद्रशेखर यादव की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि 'जनता की सुरक्षा और जीवन रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

# शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

शासकीय विधि महाविद्यालय, सिवनी में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी के.सी. राउर के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे सहित प्रो.रामेश्वर प्रसाद शिववेदी, प्रो. प्रदीप चौहान एवं प्रो. महेश मंडलोई, डॉ.बद्रीलाल मालवीय, राकेश बरदिया, एड.हिमांशु श्रीवास्तव, किशोर आत्मपूज्य, कमलेश ठाकुर, कपिल डागोरिया, समेत समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण से विजय शुक्ला द्वारा उपस्थित जनों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के ऐतिहासिक, राष्ट्रीय एवं संवैधानिक महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने तिरंगे को देश की एकता, अखंडता, गौरव एवं राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताते हुए प्रत्येक नागरिक से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं गरिमा को बनाए रखने का आह्वान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा 'हर घर तिरंग' अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# लखनादौन में ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, क्या बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है प्रशासन..




**जगप्रेरणा लखनादौन।**

नगर लखनादौन में बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है, लेकिन नो-एंट्री का कोई स्पष्ट समय निर्धारित नजर नहीं आता बड़े बड़े ट्रक एवं टैंकर दिन में एवं दोपहर में ही नगर के प्रमुख रास्तों से बस स्टैंड होते हुए निकलते देखे जा सकते हैं और ये समस्या आम है।

वहीं दूसरी ओर शहर में अतिक्रमण की बढ़ती समस्या और बेतरतीब ट्रैफिक के चलते आम लोगों को रोजाना जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है। सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा होता है, जब स्कूल लगने और छुट्टी होने के समय सड़कों पर बच्चों और बच्चियों की भारी आवाजाही रहती है, लेकिन ट्रैफिक संभालने के लिए पर्याप्त पुलिस या प्रशासनिक अमला नजर नहीं आता।

लखनादौन बस स्टैंड यात्रियों से भरा रहता है और यहीं पास में पुलिस चौकी भी मौजूद है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि चौकी कई महीनों से बंद नजर आती है, जबकि इस चौराहे में ही सबसे अधिक पैदल एवं गाड़ियों की आवाजाही बनी रहती है क्योंकि यहीं से शासकीय कन्या शाला, पुराना सरकारी अस्पताल, केनरा बैंक, पोस्ट ऑफिस, एवं कई गांवों के आवागमन का रास्ता बना हुआ है और बस स्टैंड भी यहीं इसी चौराहे से लगकर है। साथ ही पुलिस चौकी चौराहे के चारों ओर रोड पर ही टैक्सियों का स्थाई स्टैंड बना हुआ है जो कि कई बार पुलिस के द्वारा समझाइस देकर हटाया गया है लेकिन वे आज तक रोड से नहीं हट पाए हैं और उल्टे पुलिस को ही ठेंगा दिखा रहे हैं, स्थानीय लोगों से सुनने में तो यह भी आता है कि इन टैक्सियों से थानों के सिपाहियों को मंथली पेमेंट घूस के रूप में दी जाती है, हालांकि यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई है क्योंकि पुलिस विभाग में कुछ अति स्वाभिमान ईमानदार व्यक्ति भी बने हुए हैं, लेकिन वे भी नियमानुसार रोड से वो भी पुलिस चौकी चौराहे से टैक्सियों के अतिक्रमण को नहीं हटवा पा रहे हैं जबकि पीड़ित दुकानदारों के द्वारा कई बार लिखित एवं मौखिक कार्यवाही करने का निवेदन किया जा चुका है और तो और 181 सीएम हेल्पलाइन को भी पुलिस के द्वारा दरकिनार कर दिया गया।

ऐसे में सवाल है–अगर जाम के बीच कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदारी किसकी होगी? क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना के बाद ही जागेगा? या हादसा होने से पहले ही ट्रैफिक और अतिक्रमण की समस्या पर कार्रवाई होगी?

### लखनादौन की जनता अब सवाल कर रही है–

आखिर प्रशासन कब जागेगा? आपकी नजर में इसका जिम्मेदार कौन है–स्थानीय प्रशासन या पुलिस प्रशासन या जनता स्वयं जो इस मुद्दे को जन प्रतिनिधियों के सामने नहीं उठा पा रहे हैं।

# मुंडारा से जेवनारा तक पवित्र जल लेकर निकली कावड़ यात्रा

## बोल बम सेवा समिति की कावड़ यात्रा में गुंजा हर हर महादेव..



**जगप्रेरणा बरघाट।**

श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को 10 अगस्त मुंडारा से जेवनारा तक आस्था और शिव भक्ति का विराट स्वरूप देखने को मिला।

मुंडारा में श्रद्धालुओं एवं कावड़ियों ने स्नान कर पवित्र जल कावड़ में भरकर शिव धाम जेवनारा के लिए रवाना हुये, साथ ही बाबा महाकाल की शाही सवारी भी कावड़ यात्रा के साथ निकली। मुंडारा उदगम स्थल से गंगाजल लेकर निकले कांवड़ यात्री शिव भक्ति में लीन नजर आए, जगह-जगह अनेक ग्रामों में कावड़ियों का स्वागत किया गया यात्रा भर हर हर महादेव बोल बम और ओम नमः शिवाय के जय घोष गूंजते रहे। नगर में कावड़ यात्रा के पहुंचने पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने स्वागत किया एवं कावड़ियों के लिए फलाहार, खीर जलपान की व्यवस्था कर उनका सत्कार किया। नर- नारी ने बाबा महाकाल की शाही सवारी के दर्शन कर उनका पूजन अर्चन भी किया

डीजे की धुन में मस्त मगन होकर कावड़िये जेवनारा स्थित नर्मदेश्वर मंदिर पहुंचे जहां पर विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कर पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। बोल बम सेवा समिति ने समस्त सभी का आभार व्यक्त किया।

# रंजीत वासनिक की द्वितीय पुण्य तिथि पर विशाल रक्तदान शिविर..

**जगप्रेरणा बरघाट।**

***विकास पुरुष विकास मोर्चा संस्थापक नगर परिषद बरघाट पूर्व अध्यक्ष रंजीत वासनिक दाऊ जो नगर विकास ही नहीं क्षेत्र के विकास की सोच रखते थे***



हमेशा गरीब किसान के साथ सभी के हित की लड़ाई लड़ते थे और समाजसेवी के माध्यम से लोगों को मदद पहुंचाते थे ऐसे रंजीत वासनिक दाऊ का निधन स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 को अस्वस्थता के चलते हो गया था जिनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर विकास मोर्चा एवं उनके चाहने वालों की ओर से सिविल अस्पताल बरघाट मे विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है जिसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया जाएगा एवं शाम को सहारा वृद्धाश्रम सिवनी में भोजन कराया जाएगा। इस सभी आयोजन में विकास मोर्चा ने सभी से अधिक से अधिक पहुंचकर रंजीत वासनिक दाऊ को अपनी अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देने की अपील की है।

# छपारा में निकली विशाल तिरंगा यात्रा, गूंजा 'भारत माता की जय' का नारा..



**जगप्रेरणा छपारा।**

देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को छपारा नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे 'घर-घर तिरंगा अभियान 2026' के तहत नगर परिषद छपारा और भाजपा मंडल छपारा के संयुक्त नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई। दोपहर 1 बजे बस स्टैंड से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा देखते ही बन रही थी। हाथों में तिरंगा और दिल में देशभक्ति का जज्बा लिए सैकड़ों विद्यार्थी, युवा और आम नागरिक यात्रा में शामिल हुए। यात्रा बाजार चौक से होते हुए कुम्हारी वार्ड होते हुए पुनः बस स्टैंड पहुंची। पूरे मार्ग में 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'हर घर तिरंगा' के नारे गूंजते रहे।

यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता छात्र-छात्राओं की भारी भागीदारी रही। संदीपनी विद्यालय और शासकीय कन्या महाविद्यालय मिशन स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं भी बड़ी संख्या में तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। बच्चों के हाथों में 9 फीट से 2 फीट तक के तिरंगे देखकर पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। बस स्टैंड पर यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान सिर्फ एक झंडा फहराने का अभियान नहीं है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने और इस राष्ट्रीय पर्व को उत्साह के साथ मनाने की अपील की। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन में नगर परिषद, भाजपा कार्यकर्ताओं, विद्यालय प्रबंधन और स्वयंसेवी संगठनों का विशेष सहयोग रहा।

# पीजी महाविद्यालय सिवनी में तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी एवं विशाल तिरंगा रैली का आयोजन




**जगप्रेरणा सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज आंफ एक्सीलेंस सिवनी में हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के संरक्षण में निरंतर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने तिरंगे के विकास का ऐतिहासिक सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का विस्तृत इतिहास 1906 से शुरू होता है इसे वर्तमान स्वरूप में 22 जुलाई 1947 संविधान सभा की बैठक में अपनाया गया था। भारतीय तिरंगा हमारे देश की आत्मा स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का अमर प्रतीक है यह हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। इसके उपरांत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो गनेश कुमार मंतारे ने बताया कि भारतीय तिरंगा देशवासियों को एक सूत्र में बांधता है और वैश्विक मंच पर भारत की संप्रभुता व स्वतंत्र पहचान का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी पश्चात भारतीय तिरंगा रैली का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण से भैरोगंज होते हुए पुलिस ग्राउंड सिवनी तक एनसीसी अधिकारी एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर के निर्देशन में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया । पुलिस ग्राउंड सिवनी में जिला प्रशासन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अजय बाबा पांडे के निर्देशन में पुलिस ग्राउंड से बाहुबली चौक एवं शुक्रवारी चौक होते हुए कन्या महाविद्यालय सिवनी में रैली का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफएवं एनएसएस स्वयंसेवक एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मो.- 8817448039

# ग्लोबल लॉ कॉलेज में स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

ग्लोबल लॉ कॉलेज सिवनी में दिनांक 12 अगस्त 2026 दिन बुधवार को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देश अनुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2026 का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के संचालक डॉ साकिब खान के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में किया गया स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में छात्राओं के लिए स्वतंत्रता दिवस एवं स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित प्रश्नोत्तरी( क्विज प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने भाग लिया एवं ऐतिहासिक घटनाओं एवं आंदोलन आंदोलन से संबंधित प्रश्नों का जवाब दिया इस अवसर पर महाविद्यालय में तीन टीम जिसमें क्रांति टीम, स्वराज टीम, और आजादी टीम, के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह प्रतियोगिता तीन चरणों में विभक्त थी प्रतियोगिता के अंत मेंआजादी टीम को विजेता के रूप में घोषित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रमुख रूप से विभाग अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी, कविता बिजुरिया, नीति जैन , रानू बघेल, याशिका मैडम, मेहरीन मैडम एवं राहुल सर प्रमुख रूप से उपस्थित थे विजेता टीम को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 13 अगस्त को ग्राम नगझर में स्वच्छता एवं तिरंगा रैली का आयोजन एवं 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वारासिवनी में पहली बार भव्य सावन झूला महोत्सव, आनंद मेला एवं एग्जीबिशन का सफल आयोजन..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***अमेय शक्ति ग्रुप द्वारा वारासिवनी नगर में महिलाओं के लिए पहली बार भव्य सावन झूला महोत्सव, आनंद मेला एवं एग्जीबिशन का आयोजन मंगलवार को पवार मंगल भवन में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।***







सावन के पारंपरिक झूले के साथ फैशन एवं लाइफस्टाइल, राखी व कपड़ों, बेकरी, हस्तनिर्मित सामग्री, खान-पान सहित विभिन्न उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जो आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहे।

अमेय शक्ति ग्रुप की सदस्य श्रीमती वैशाली डहरवाल ने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य गृह उद्योग एवं छोटे व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले 6-7 वर्षों से महिला प्रोत्साहन के क्षेत्र में सक्रिय है और यह संस्था का तीसरा बड़ा आयोजन है।

ग्रुप की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी पटले ने बताया कि मेले के माध्यम से घर से छोटा व्यवसाय संचालित करने वाली महिलाओं को अपने उत्पादों के स्टॉल लगाने और उन्हें लोगों तक पहुंचाने का अवसर मिला। मेले में खान-पान, कान्हा जी की पोशाकों एवं हस्तनिर्मित सामानों सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन के माध्यम से महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और अपने हुनर को आगे बढ़ाने का अवसर भी मिला। श्रीमती सुनीता सोनी ने बताया कि अमेय शक्ति ग्रुप द्वारा आयोजित आनंद मेले व एग्जीबिशन में महिलाओं का भारी उत्साह देखने को मिला।मेले के माध्यम से घर से छोटा-मोटा व्यवसाय चलाने वाली महिलाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और स्टॉल लगाने का अवसर मिला है। मेले में खान-पान, कान्हा जी की पोशाकों और हस्तनिर्मित सामानों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे, जिससे सामाजिक एकजुटता को भी बल मिला है।

कार्यक्रम में रानी देशमुख, रेखा ठाकुर, सोनम पटेल, शिवानी खंडेलवाल, उषा खंडेलवाल, गुंजा रंगवानी, भावना अग्रवाल, माही श्रीवास्तव, हर्षिता अग्रवाल, सरिता जैन, अल्पा जोगी, रिधिमा राणा, मेघा रुसिया एवं शिल्पी जैन द्वारा राखी एवं कपड़ों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। वहीं पारुल रुसिया, दिव्या श्रीवास्तव, गीतेश्वरी पंचेश्वर, सीमा पारधी, तुलसी माधवानी, सीमा खंडेलवाल, एकता तिवारी एवं शिवानी खंडेलवाल ने आनंद मेले में सहभागिता की। बेकरी एग्जीबिशन में वर्षा सोहाने, नेहा खंडेलवाल, पलक चिमनानी एवं हेजल द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

महिलाओं के मनोरंजन के लिए हाउजी हंगामा सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अलग-अलग चरणों में आयोजित मनोरंजक गेम्स में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों एवं विजेताओं के लिए करीब 30 से 35 सरप्राइज गिफ्ट्स एवं आकर्षक पुरस्कार रखे गए, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा। इस आनंद मेले में पूर्ण नगर पालिका अध्यक्ष स्मिता जायसवाल भी उपस्थित रही।

आयोजन समिति की सदस्य श्रीमती पूनम झा, श्रीमती अनु अग्रवाल, श्रीमती मोनी बिसेन, श्रीमती लक्ष्मी विष्णुपटले, श्रीमती रीना खंडेलवाल, श्रीमती मीना रेजवानी, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती निर्मला परियानी एवं श्रीमती वैशाली डहरवाल ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को संभालने तथा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अमेय शक्ति ग्रुप ने सभी स्टॉल संचालिकाओं, प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं आयोजन में शामिल महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वारासिवनी में पहली बार आयोजित महिला विशेष सावन झूला महोत्सव, आनंद मेला एवं एग्जीबिशन को मिले उत्साहपूर्ण प्रतिसाद ने आयोजन को सफल और यादगार बना दिया। आयोजन ने महिलाओं को मनोरंजन के साथ-साथ अपने हुनर और व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए एक बेहतर मंच भी प्रदान किया।श्री अमित शक्ति ग्रुप की सदस्य सुनीता सोनी ने बताया कि यह आयोजन केवल एक मेला नहीं, बल्कि व्यापार और आनंद का एक बेहतरीन संगम है। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं अब तक केवल घर से ही अपने छोटे-मोटे व्यवसाय चलाती थीं, उन्हें आज इस मंच के माध्यम से अपनी दुकानें लगाने और अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का बड़ा अवसर मिला है। मेले में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल के साथ-साथ गृह उद्योगों से जुड़े स्टॉल भी लगाए गए हैं।

उन्होंने आगे बताया कि इस आयोजन के माध्यम से सकल समाज की महिलाएं एक साथ एकत्रित हुई हैं, जिससे आपसी एकता और संगठन की भावना को बल मिला है। सभी महिलाएं और नागरिक इस आयोजन का भरपूर आनंद उठा रहे हैं।

मेले में कान्हा जी की सुंदर पोशाकों और अन्य हस्तनिर्मित नए उत्पादों के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिससे स्थानीय कला और उत्पादों को बेहतर प्रचार-प्रसार व प्रोत्साहन मिल रहा है।

# नवांकुर हरियाली सखी यात्रा का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम बोदामाल में संपन्न..

अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री महेश पटले, विकासखंड बैहर, जिला बालाघाट के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 05 कोयलीखापा***







अंतर्गत ग्राम बोदामाल में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम बोदामाल स्थित खेरमाई मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात नवांकुर सखियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेरणादायक पर्यावरण संबंधी नारे लगाए गए।

कलश यात्रा ग्राम का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची, जहां नवांकुर सखियों द्वारा जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत खेरमाई मंदिर प्रांगण में नवांकुर योजना के अंतर्गत पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए नवांकुर प्रमुख श्री अमित पाटिल ने नवांकुर सखी यात्रा के उद्देश्य एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने हरियाली अमावस्या की शुभकामनाएं देते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने नवांकुर सखियों द्वारा भविष्य में संचालित किए जाने वाले विभिन्न पर्यावरणीय एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी एवं श्रीमती धनोता मरकाम (सामाजिक कार्यकर्त्ता)ने नवांकुर सखियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता श्री भंवर मेरावी ने बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के द्वारा भी नवांकुर साखियों को पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण से होने वाले लाभ के बारे में बताया।




# तिरंगे के रंग में रंगा रामपायली, भारती हाई स्कूल ने निकाली भव्य तिरंगा रैली..

## बैंड की धुन के साथ पूरे ग्राम का भ्रमण, विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश..





जगप्रेरणा रामपायली।

***स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत वातावरण में संस्था रामपायली मित्र मंडल रामपायली द्वारा संचालित भारती हाई स्कूल रामपायली के विद्यार्थियों ने बुधवार, 12 अगस्त 2026 को भव्य तिरंगा रैली निकाली।***

रैली ने पूरे ग्राम का भ्रमण कर नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना का संचार किया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैंड की धुन के साथ निकली रैली ने ग्राम के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों की अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

रैली में ग्राम प्रधान श्री संदीप बाघमारे, पंचायत के समस्त कर्मचारी, संस्था के पदाधिकारी तथा भारती हाई स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। सभी ने विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर रैली का नेतृत्व किया।

## विद्यार्थियों ने दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

तिरंगा रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का संदेश दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

भारती हाई स्कूल की इस पहल ने स्वतंत्रता दिवस से पहले रामपायली में देशभक्ति का माहौल तैयार कर दिया और ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया।बकोड़ी की सड़कों पर लहराया तिरंगा, विद्यार्थियों की रैली ने जगाई राष्ट्रभक्ति की अलख।

## देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव, विद्यार्थियों ने दिया राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश

स्वतंत्रता दिवस के महापर्व से पूर्व शासकीय हाई स्कूल बकोड़ी में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में भव्य तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक आगे बढ़ते विद्यार्थियों ने पूरे ग्राम में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा में विद्यालय के प्राचार्य श्री अरविंद यादव के साथ शिक्षक श्री पुष्पराज लिल्हारे, श्री दिनेश बिसेन, श्री श्याम सुलकिया, श्री वीरेंद्र गजभिए, श्री राधेश्याम डोहरे, श्री चंद्रशेखर बंसोड, शिक्षिका श्रीमती शीला बंसोड तथा कार्यालय सहायक श्री मितेश डोहरे की सक्रिय सहभागिता रही।

## सरपंच महोदय जी की विशेष उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साह

रैली में ग्राम पंचायत बकोड़ी के सरपंच श्री दिनेश डोहरे की विशेष उपस्थिति रही। पंचायत के प्रतिनिधियों ने भी तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

विद्यालय से प्रारंभ हुई यह यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। हाथों में लहराता तिरंगा और देशभक्ति से भरे वातावरण ने पूरे बकोड़ी को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

## विद्यार्थियों ने दिया एकता और देशभक्ति का संदेश

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को मजबूत करना रहा। विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को और भी गरिमामय बना दिया।

बकोड़ी की गलियों से निकली यह तिरंगा यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने वाला प्रेरणादायी संदेश बन गई।

# साडरा में 18 से हनुमत आराधना के साथ 2 दिवसीय अखंड रामायण पाठ..

## वृक्षारोपण, स्वास्थ शिविर और महाप्रसाद वितरण से होगा कार्यक्रम का विश्राम..



जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास की पावन बेला में हनुमान चौक साड़रा में हनुमान जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में तथा श्री अखण्ड रामचरित मानस पाठ समिति. एकल अभियान लांजी अभिनंदन लाइफ फउंडेशन के सहयोग से 18 एवं 19 अगस्त को दो दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।***

आयोजन में अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ, संकीर्तन यात्रा, ध्वज स्थापना, योग-प्राणायाम, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

समिति के अध्यक्ष प्रमोद बलारखेड़े, उपाध्यक्ष जितेन्द्र बापुरे, सचिव लीलाधर भटेरे, सहसचिव हेमराज भटेरे एवं कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय सहित समिति सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## 18 अगस्त को धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ

कार्यक्रम के प्रथम दिवस मंगलवार, 18 अगस्त को सुबह 6 से 7 बजे तक योग, प्राणायाम एवं ध्यान का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 8 से 10 बजे तक संकीर्तन यात्रा एवं ध्वज स्थापना की जाएगी। श्रद्धालु हनुमान मंदिर से ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए संकीर्तन यात्रा में शामिल होंगे।

इसके पश्चात अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही धर्म, आध्यात्मिकता एवं बच्चों की शिक्षा को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। समिति द्वारा विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं को संस्कार, धर्म और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

## वृक्षारोपण और स्वास्थ्य शिविर बनेगा आकर्षण

दूसरे दिन बुधवार, 19 अगस्त को सुबह 10 बजे से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति ने विभिन्न स्थानों पर 25-25 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया जाएगा।

दोपहर 12 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा, जिसमें स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जरूरतमंद मरीजों को उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

इसके बाद दोपहर 1 बजे रामायण पाठ की पूर्णाहुति होगी। हवन, यज्ञ, पूजन एवं कन्या पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। शाम 5 बजे से मानस प्रसादम एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## धर्म के साथ सेवा और सामाजिक एकता का संदेश

हनुमान जन्मोत्सव समिति ने बताया कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति या परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी समाजजनों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना और संस्कारों को बढ़ावा देना है।

समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागी बनने तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग प्रदान करने की अपील की है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मुंडेसरा में ग्रामीणों की सामूहिक सहभागिता के साथ अखंड रामायण पाठ संपन्न, बच्चों को संस्कार व किसानों को बताया जैविक खेती का महत्व..



जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम मुंडेसरा में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफफाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का 11 अगस्त को शुभारंभ होकर 12 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ।*

धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न सेवा गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद नगर कीर्तन एवं राम यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने घरों के सामने दीप सजाकर, पूजा की थाली से भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। बैंड-बाजे और भजनों के साथ निकली राम यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बनता था।

## जैविक खेती एवं नए संसाधन – स्वस्थ किसान, समृद्ध गांव की ओर कदम

जैविक खेती आज के समय में केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, सुरक्षित पर्यावरण और किसानों की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सकता है।

जैविक खेती में गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खाद, हरी खाद, फसल अवशेष एवं प्राकृतिक जैविक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। इससे मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि भूमि के दीर्घकालीन स्वास्थ्य में मदद मिलती है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा – उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बच्चों की शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संस्कार, सोचने-समझने की क्षमता और अपने भविष्य के प्रति जागरूकता पैदा करने का आधार है। गांव का प्रत्येक बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त करे, यही मजबूत और समृद्ध समाज की पहचान है

## शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, ईमानदारी, मेहनत, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की सीख देना भी आवश्यक है। परिवार, शिक्षक और समाज मिलकर बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं।

## पौधारोपण अभियान – हरियाली से समृद्ध और स्वस्थ गांव की ओर एक कदम

÷एक पौधा लगाएं, प्रकृति बचाएं – स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन अपनाएं।÷

पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पौधारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। लोगों को बताया गया कि पौधा लगाना केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी उतनी ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र संबंधी जांच का लाभ लिया। , डॉ नम्रता पसीने जी , डॉ जतिन भंडारकर, डॉ वागीश राहंगडाले जी ने

स्वास्थ्य शिविर में 514 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। चिकित्सकीय परामर्श के साथ ग्रामीणों को बीमारी से बचाव, संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर में 255 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 110 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित मरीजों को नियमानुसार निःशुल्क ऑपरेशन एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## हवन-यज्ञ और गौ माता पूजन

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के दौरान हवन-यज्ञ का आयोजन कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। गौ माता का पूजन कर गौ संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। की ओर से नेत्र संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

## अध्यात्म के साथ शिक्षा, सेवा का संदेश

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि धार्मिक आयोजनों को समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति एवं संस्कार निर्माण जैसे कार्यों से जोड़कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आयोजकों ने कहा कि ÷मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।÷ इसी भावना के साथ सावन माह में 30 गांवों में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## कार्यक्रम ग्राम मुंडेसरा मे उपस्थित सर्वश्री गणमान्य सहयोगी

अजय पांचे सरपंच, मीरा राधेश्याम सिंघनदुपे सदस्य जिला पंचायत, रेखा कृष्ण कुमार चिचले, उपसरपंच, संगीता महेंद्र मेश्राम पूर्व, दिगू लाल पांचे, दिलीप मरथे,, रमेश सिंघनदुपे, श्रीराम सिंघनदुपे, नामदेव सिंघनदुपे, युवराज पांचे, चमहरू पांचे, धोलिया सिंघनदुपे, जयराम तेलासे, पवन पांचे, लाला जी, संजय पांचे, सियाराम बाहे,, सुरेश बाहे , श्याम दास बाहे, विकेश पांचे, पुरानसाय माने, चैन लाल मरते, राजकुमार शिंगनदुपे, गुड्डेश्वर श्रीवास, राजकुमार पांच, संतोष बहे, नेतराम बिसेन, एवं समस्त ग्राम वासी मुंडेसरा

## ग्राम बिनोरा में भी अखण्ड पाठ का शुभारंभ

इसी क्रम में ग्राम बिनोरा में 12 अगस्त 2026 को स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 13 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# संदीपनी उमावि ने निकाली तिरंगा रैली.. वंदे मातरम् भारत माता की जय से गूंज उठी गलियाँ




जगप्रेरणा लांजी।

*संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगाव लांजी बालाघाट में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गयाविद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे के कुसल नेतृत्व में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं*

ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ रैली निकालकर ग्राम का भ्रमण किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति नारे लगाए और आम जन में राष्ट्रीय ध्वज एवं देश भक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से रैली के द्वारा से जनजागरण का प्रयास किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में वन्दे मातरम, भारत माता की जय और अनेक देशभक्ति गीत व नारे लगाकर जन जागरूकता का सफल प्रयास किया। रैली ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए संपूर्ण ग्राम का भ्रमण किया। रैली के सफल संचालन में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया। रैली में ग्राम के गणमान्य अतिथियों की गरीमामयी उपस्थित ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# गुरुग्राम में कहासुनी के बाद चार युवकों ने ऑटो चालक को पीटा..

गुरुग्राम, (भाषा)।

*गुरुग्राम के सेक्टर-53 क्षेत्र में बाइक सवार चार युवकों ने मामूली कहासुनी के बाद एक ऑटो चालक की कथित रूप से लात-घूंसों और डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चोटिल चालक रवि कुमार को एक सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।*

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफएक प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बिहार के मोतिहारी निवासी रवि कुमार ने बताया कि यह घटना नौ अगस्त को उस समय हुई, जब वह अपने ऑटो में एक यात्री को सेक्टर-57 से मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन लेकर जा रहा था। उसने आरोप लगाया कि वजीराबाद 'ट्रैफिक सिग्नल' के पास बाइक सवार कुछ युवकों ने उसका ऑटो रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौज की और वाहन चलाने को लेकर उसे अपशब्द कहे। उसने बताया कि उसके माफी मांगने के बावजूद विवाद बढ़ गया।

शिकायत के अनुसार, कुछ दूरी आगे देवीलाल पार्क के पास दूसरी बाइक पर सवार दो और युवक भी वहां पहुंच गए। शिकायत के अनुसार, इसके बाद चारों युवकों ने ऑटो रुकवाकर चालक की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। आरोप है कि एक युवक ने बांस के डंडे से भी हमला किया, जिससे रवि कुमार घायल हो गया। शिकायत के अनुसार इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की शिकायत मिलने पर सेक्टर-53 थाना पुलिस ने एक मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करके उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*

# डिजिटल दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच का आदेश

प्रयागराज, (भाषा)।

*इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने डिजिटल दुष्कर्म, छेड़छाड़ और अन्य अपराध की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिए पुलिस आयुक्त समेत गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच का आदेश दिया है।*

'डिजिटल दुष्कर्म' का मतलब वह यौन अपराध है, जिसमें पीड़िता की सहमति के बिना उंगली, अंगूठा या पैर का अंगूठा या कोई और वस्तु उसकी योनि में डाली जाती है।

पुलिस अधिकारियों के खिलाफजांच के निर्देश के साथ न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की पीठ ने आरोपी अर्पित गुप्ता द्वारा दायर रिट याचिका खारिज कर दी और कहा कि पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने के कारण उसे मजिस्ट्रेट से संपर्क करने पर विवश होना पड़ा।

अदालत ने कहा, ''चूंकि शिकायतकर्ता ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई व्हाट्सऐप चैट, कॉल रिकॉर्डिंग या अन्य साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया, इस आधार पर पुलिस यौन उत्पीड़न की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने से मना नहीं कर सकती।''

अदालत ने कहा, ''जब कोई महिला किसी संज्ञेय अपराध के संबंध में पुलिस के पास जाती है, तो उस चरण में कानूनी जांच करने की जिम्मेदारी उस महिला पर नहीं डाली जा सकती। यह समझना कठिन है कि जब शिकायतकर्ता ने पुलिस से संपर्क किया तो संबंधित थाने ने प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की।''

पीठ ने कहा, ''यह भी समझ से परे है कि पुलिस आयुक्त को सात जुलाई, 2026 को की गई शिकायत के बाद भी प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई।''

अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस के लिए सूचना दर्ज करना, आरोपों की जांच करना और साक्ष्य संग्रह करना आवश्यक है। उन्हें प्राथमिकी दर्ज करने के चरण में आरोप सही हैं या गलत, यह तय करने की जरूरत नहीं है।

इस मामले में खामियों पर विचार करते हुए अदालत ने पुलिस महानिदेशक को इस मामले की समीक्षा करने विशेषकर वेव सिटी पुलिस थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के आचरण और आयुक्त समेत संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच करने को कहा।

पुलिस महानिदेशक को पुलिस आयुक्त, एसएचओ और अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और यह पूछने को कहा गया कि प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई।

अदालत ने कहा, ''डीजीपी व्यक्तिगत तौर पर जांच की निगरानी करेंगे और चार सप्ताह के भीतर एक व्यक्तिगत हलफनामे के जरिए रिपोर्ट दाखिल करेंगे।''

आरोपी अर्पित गुप्ता को रियल एस्टेट कंपनी 'पारित एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड' का मालिक बताया गया है। आरोपी याचिकाकर्ता ने मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अपने खिलाफदर्ज दुष्कर्म का मामला रद्द करने का अनुरोध किया था।

वहीं दूसरी ओर, पीड़िता ने गाजियाबाद की अदालत में की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी अपने केबिन में उसका यौन उत्पीड़न किया करता था और इस घटना की जानकारी किसी को देने पर धमकी देता था।

महिला ने यह आरोप भी लगाया कि मार्च, 2026 में आरोपी ने उसके गुप्तांग में उंगली डाली और उसका स्तन दबाया। इसके बाद, महिला ने आठ अप्रैल को कंपनी से इस्तीफा दे दिया।

अदालत को बताया गया कि इसके बाद आरोपी ने 14 अप्रैल को महिला के खिलाफकथित वसूली का मामला दर्ज कराया। इस पर महिला को गिरफ्तार किया गया और बाद में उच्च न्यायालय द्वारा उसे जमानत दे दी गई।

जेल से रिहा होने के बाद उसने वेव सिटी पुलिस थाने में छेड़छाड़, डिजिटल दुष्कर्म और आपराधिक धमकी की शिकायत की। हालांकि, पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद महिला ने गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन किया।

मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म), 74 (शील भंग करने के इरादे से महिला पर आपराधिक बल प्रयोग), 75(2) (यौन उत्पीड़न) और 351(3) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया।

इसके बाद, आरोपी ने प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया।

अदालत ने छह अगस्त को आरोपी की याचिका खारिज करते हुए इस बात पर बल दिया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के आरोपों की संवेदनशीलता के साथ और निष्पक्ष जांच करना आवश्यक है।

# पश्चिम बंगाल एसटीएफने एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया..

कोलकाता, (भाषा)।

*पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के*

फैसलाबाद निवासी राणा रऊफ उर्फ वहाब आलम को मंगलवार देर रात उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफके कर्मियों ने बनगांव के पास हाबरा में तलाशी अभियान चलाया और रऊफको पकड़ लिया।

अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ताओं को संदेह है कि रऊफ के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध हैं और वे भारत में उसकी गतिविधियों, संपर्कों और आवाजाही की जांच कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को ही कोलकाता के टॉपसिया इलाके से गिरफ्तार किए गए दूसरे व्यक्ति मोहम्मद एजाज के रऊफसे कथित तौर पर सीधे संपर्क थे और उसने भारतीय पहचान पत्र हासिल करने में उसकी मदद की थी।

एसटीएफके एक अधिकारी ने कहा, ''हमें रऊफके बनगांव सीमा की ओर जाने की विशेष सूचना मिली थी और हमने उसे हाबरा के जेसोर रोड से गिरफ्तार कर लिया। हम आईएसआई से उसके कथित संबंधों, भारतीय पहचान दस्तावेजों के इस्तेमाल और क्या वह बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था, इसकी जांच कर रहे हैं।''

जांचकर्ताओं के अनुसार, रऊफवर्ष 2012 में नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था।

उन्होंने कहा, ''भारत में प्रवेश करने से पहले वह कुछ समय नेपाल में रहा था और बाद में पश्चिम बंगाल में बस गया। उसके कब्जे से कई भारतीय पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। उसके पास मिले एक आधार कार्ड में टॉपसिया का पता दर्ज था।''

अधिकारियों ने बताया कि रऊफ देश में चलने वाली विभिन्न रेलगाड़ियों और सशस्त्र बलों की गतिविधियों पर नजर रख रहा था।

उन्होंने बताया कि एसटीएफ अधिकारियों ने पाया कि रऊफकोलकाता में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण फोर्ट विलियम समेत कई संवेदनशील ठिकानों पर नजर रख रहा था।

अधिकारी ने बताया कि रऊफ ने अपना मोबाइल फोन नष्ट कर दिया था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के समय उसके पास से कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, ''उसके बैग में एक नोटबुक मिली, जिसमें कई फोन नंबर दर्ज थे। इनमें से कुछ नंबर बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के थे।'' उन्होंने बताया कि उसके पास से दो सिम कार्ड भी बरामद हुए।

अधिकारी ने कहा, ''उस पर रेलवे और भारतीय नौसेना से जुड़ी सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का भी संदेह है। हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह किस तरह की जानकारी जुटा रहा था।''

उन्होंने कहा, ''रऊफके साथ उसके संबंधों की गहराई और इसमें अन्य लोग भी शामिल थे या नहीं, यह पता लगाने के लिए एजाज से पूछताछ की जा रही है।''

उन्होंने कहा कि एसटीएफयह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी स्वतंत्रता दिवस से पहले किसी ''विध्वंसक गतिविधि'' की साजिश बना रहे थे।

अधिकारी ने बताया कि हमीम मंडल से पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिससे बाद में उन्हें रऊफका पता लगाने में मदद मिली।

अधिकारियों ने बताया कि एसटीएफरऊफके प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से संभावित संबंधों और आईएसआई के साथ उसके कथित जुड़ाव की प्रकृति की भी जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद मंगलवार रात रऊफको चिकित्सकीय जांच के लिए हाबरा अस्पताल ले जाया गया।

बाद में बारासात की अदालत में पेश किए जाने पर, अदालत ने गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया।







# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार जॉर्जिना रोड्रिगेज से रचाई शादी, 9 साल के रिश्तों को दिया नया नाम..

डेस्क जगप्रेरणा।

*दुनिया के सबसे मशहूर फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जिंदगी में अब एक और खास अध्याय जुड़ गया है। लंबे समय से साथ रह रहे रोनाल्डो और उनकी पार्टनर जार्जिना रोड्रिगेज आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए हैं।*



दोनों ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की खबर साझा कर फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया। 41 साल के रोनाल्डो और 32 साल की जॉर्जिना ने 11 अगस्त को इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों के हाथों में शादी की अंगूठियां नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने बेहद छोटा लेकिन खास कैप्शन लिखा- सी जी। हालांकि, कपल ने शादी समारोह की कोई दूसरी तस्वीर सार्वजनिक नहीं की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शादी पुर्तगाल के लिस्बन के पास स्थित खूबसूरत कोस्टल रिसॉर्ट कास्काइस में हुई। रोनाल्डो के पब्लिक रिलेशन संभालने वाले ब्रंसविक ग्रुप ने बताया कि यह समारोह बेहद निजी रखा गया था। शादी में रोनाल्डो और जॉर्जीना के पांचों बच्चे भी मौजूद रहे। इस शादी के साथ उन अटकलों पर भी विराम लग गया, जो पिछले कुछ हफ्तों से दोनों के रिश्ते को लेकर चल रही थीं। खास बात यह है कि जॉर्जिना ने अगस्त 2025 में अपनी सगाई की घोषणा की थी और अब ठीक एक साल बाद दोनों ने शादी कर ली है। रोनाल्डो हाल ही में फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पुर्तगाल की ओर से खेलते नजर आए थे।

## ऐसे शुरू हुई थी प्रेम कहानी

रोनाल्डो और जॉर्जिना की पहली मुलाकात 2016 में मैड्रिड में हुई थी। उस समय जॉर्जीना गुच्ची के एक स्टोर में काम करती थीं। कुछ समय बाद दोनों का रिश्ता सुर्खियों में आने लगा। जनवरी 2017 में ज्यूरिख में आयोजित बेस्ट फीफा फुटबॉल अवाईर्स समारोह के दौरान दोनों पहली बार सार्वजनिक रूप से एक साथ नजर आए थे।

इसके बाद यह रिश्ता धीरे-धीरे दुनिया के सबसे चर्चित सेलिब्रिटी रिलेशनशिप में बदल गया। जॉर्जिना की नेटफ्लिक्स सीरीज आई एम जॉर्जिना में भी दोनों की प्रेम कहानी और पारिवारिक जिंदगी की कई झलकियां देखने को मिलीं। रोनाल्डो ने इसी सीरीज में जॉर्जिना के साथ अपने रिश्ते को लेकर कहा था कि शुरुआत में उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह रिश्ता इतना गहरा हो जाएगा। समय के साथ उन्हें एहसास हुआ कि जॉर्जिना उनकी जिंदगी की खास शख्स हैं। रोनाल्डो और जॉर्जिना की दो बेटियां हैं- अलाना और बेला। इसके अलावा जॉर्जिना, रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो जूनियर और जुड़वां बच्चों ईवा मारिया और माटेओ की भी परवरिश करती हैं।

# 'मौनी रॉय को बदनाम करने की कोशिश', डेटिंग रूमर्स पर भड़के अर्जुन बिजलानी, एक्ट्रेस के लिए जताई चिंता..

डेस्क जगप्रेरणा।

*मौनी रॉय और अर्जुन बिजलानी के रिश्ते को लेकर लोगों ने कई दावे किए गए हैं। एक्ट्रेस का नाम लगातार उनके सबसे अच्छे दोस्तों में से एक अर्जुन के साथ जोड़ा जा रहा है। सूरज नांबियार से तलाक की खबरों के बीच मौनी*



और अर्जुन को लेकर डेटिंग रूमर्स सामने आए हैं, जिन पर अब तक एक्ट्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अब उनके बीच रोमांटिक रिश्ते की अफवाहों को गलत बताते हुए, अर्जुन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि 'कोई न कोई मौनी को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। मुझे नहीं पता कौन।'

## मौनी रॉय पर लगे आरोपों पर अर्जुन बिजलानी ने दी सफाई..

अर्जुन ने यह भी बताया कि मौनी की जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस 'अपनी जिंदगी के एक मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। टेली मसाला को दिए इंटरव्यू में अर्जुन बिजलानी ने कहा, 'मौनी अपनी जिंदगी के एक मुश्किल दौर से गुजर रही हैं।' उन्होंने आगे बताया कि लोग उनकी जिंदगी के बारे में झूठी बातें फैला रहे हैं।

एक्टर ने कहा, 'पहले उनकी सेक्सुअलिटी के बारे में कुछ कमेंट्स किए गए फिर किसी ने उनके शराब पीने के बारे में कुछ कहा। मेरा मतलब है, हर कोई पार्टी में जाता है। हर कोई मजा करता है। यह नॉर्मल है।'

## मौनी रॉय संग डेटिंग रूमर्स पर अर्जुन बिजलानी ने तोड़ी चुप्पी..

अर्जुन बिजलानी ने उन लोगों की भी आलोचना की जो उनके रिश्ते पर सवाल उठा रहे हैं और कहा कि दोनों ने एक शो में साथ काम किया है और कई वीडियो भी साथ बनाए हैं। उन्होंने बताया कि वे 50 बार डिनर पर गए हैं और साथ में अच्छा समय बिताया है। एक्टर ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि कोई उनके बारे में ऐसी बातें क्यों लिखेगा। वे शायद उन रिपोर्ट्स का जिक्र कर रहे थे, जिनमें दोनों के बीच रोमांटिक रिश्ते का दावा किया गया था। अपने और मौनी के डेटिंग रूमर्स पर बात करते हुए अर्जुन ने कहा कि उनकी दोस्त क्रिस्टल डिसूजा ने इसका सही जवाब दिया, क्योंकि वह उन्हें अच्छी तरह जानती हैं। उन्होंने कहा, 'शुरू में तो मैंने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन मुझे लगता है कि क्रिस्टल ने कहा था कि क्या बकवास है, क्योंकि वह मुझे जानती हैं। जो लोग हमें जानते हैं, उन्होंने जाहिर है कि उस पोस्ट पर कमेंट किया। इसलिए मुझे लगा कि अगर मेरे दोस्त इस बारे में बोल रहे हैं और मैं चुप रहता हूं तो यह गलत होगा।'

## मौनी रॉय का 2026 में हुआ तलाक..

मौनी रॉय और अर्जुन बिजलानी ने मशहूर शो 'नागिन' में साथ काम किया है। तब से दोनों बहुत अच्छे दोस्त भी हैं। हाल ही में मौनी रॉय ने बिजनेसमैन सूरज नांबियार को तलाक दिया था, जबकि अर्जुन की शादी नेहा स्वामी से हुई है और उनका एक बेटा भी है।

# खेल मंत्रालय ने टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को किया सस्पेंड, प्रशासनिक कमियों का दिया हवाला...

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय खेल मंत्रालय ने 12 अगस्त को टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को सस्पेंड करने के साथ उसकी मान्यता निलंबित कर दी है जिसमें भारतीय ओलंपिक संघ से कहा कि वह इस खेल के कामकाज को संभालने के लिए एक तदर्थ समिति बनाए।*



मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि पहले जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का उम्मीद के अनुसार जवाब नहीं मिला और समय पर चुनाव नहीं करा पाने के कारण टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को निलंबित किया गया है। मंत्रालय के आदेश में कहा गया अंतरराष्ट्रीय संस्था आईटीटीएफ से सलाह-मशविरा करके आईओए एक

आंतरिक नियमन व्यवस्था बनाने के लिए उचित कदम उठाएगा जिसमें एक एड-हॉक समिति का गठन भी शामिल है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक टीटीएफआई में उचित संचालन ढांचा फिर से बहाल नहीं हो जाता।

## पिछले कई महीनों से उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा TTFI..

खेल मंत्रालय की तरफ से टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को सस्पेंड करने के आदेश में कहा गया कि **IOA**, इंटरनेशनल बॉडी से सलाह-मशविरा करके एक इंटरनल रेगुलेटरी मैकेनिज्म बनाने के लिए जरूरी कदम उठाएगा, जिसमें एक एड-हॉक कमेटी का गठन भी शामिल है। यह तब तक किया जाएगा जब तक **TTFI** में ठीक तरह से कामकाज का ढांचा फिर से बहाल नहीं हो जाता।

**TTFI** की अगुवाई अभी मेघना अहलावत कर रही हैं, जो इसकी पहली महिला प्रेसिडेंट हैं। अहलावत ने दिसंबर 2022 में पद संभाला था।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया में पिछले कई महीनों से उथल-पुथल का दौर देखने को मिल रहा है। इसने जनवरी 2026 में अपने सेक्रेटरी जनरल और पूर्व खिलाड़ी कमलेश मेहता को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में सस्पेंड कर दिया था। मेहता यह मामला दिल्ली हाई कोर्ट ले गए, जहां उनके सस्पेंशन को रद्द कर दिया गया।

## मनिका बत्रा ने भी की थी TTFI की आलोचना..

एशियन गेम्स 2026 के लिए कुछ महीने पहले जब स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को टीम में नहीं चुना गया और इसकी वजह घरेलू टूर्नामेंट में जरूरी मैच न खेलना बताया गया उसके बाद मनिका बत्रा ने इस फैसले की सार्वजनिक रूप से आलोचना की और खेल मंत्रालय से दखल देने की मांग की थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि फेडरेशन की सिलेक्शन प्रोसेस काफी गलत थी। खेल मंत्रालय ने **TTFI** से जुड़ी सभी समस्याओं पर ध्यान दिया और उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया था। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इसका जवाब संतोषजनक नहीं था।

# असम बाढ़ में टूटा हनुमान मंदिर, अभिषेक मल्हान ने पुनर्निर्माण का उठाया बीड़ा, जुटाए 20 लाख..

डेस्क जगप्रेरणा।

*पॉपुलर यूट्यूबर अभिषेक मल्हान ने असम बाढ़ से तबाह हुए, परिवारों की मदद के लिए आगे हाथ बढ़ाया है। उन्होंने बाढ़ राहत में योगदान देने और भयानक बाढ़ के बाद सस्टेनेबल तरीकों में*



मदद करने के लिए ट्रू होप फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप की है। असम में बाढ़ 19 जुलाई को शुरू हुई थी, जिससे बहुत ज्यादा बर्बादी हुई। गोलाघाट सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है, जहां 71,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए। इसके बाद शिवसागर में 21,000 से ज्यादा लोग और जोरहाट में 13,000 से ज्यादा लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं।

## अभिषेक मल्हान फिर बनवाएंगे हनुमान मंदिर..

अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिषेक ने शेयर किया कि उन्हें अब बाढ़ के कारण टूटे हुए एक हनुमान मंदिर को फिर से बनाने का मौका मिला है। उन्होंने प्रभावित जमीन दिखाने के लिए इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की, जहां हनुमान की मूर्ति रखी गई थी। यूट्यूबर को फिर से बनाने की दिशा में पहले कदम के तौर पर नारियल तोड़ते, स्थानीय लोगों को प्लेट में खाना बांटते और हाथ जोड़कर उनसे बात करते हुए देखा गया। कैप्शन में उन्होंने लिखाः

'बजरंग बली ने मुझे यह सौभाग्य दिया कि मैं हनुमान मंदिर के निर्माण में अपना छोटा सा योगदान दे सकूं। एक गौरवान्वित हिंदू के रूप में यह भावना वास्तव में शब्दों से परे है। आज हमने पूजा के साथ इस पवित्र काम की शुरुआत की। हमने मंदिर के निर्माण के लिए 5 लाख का योगदान देने का संकल्प लिया था, लेकिन ट्रू होप फाउंडेशन के 5 लाख को यह पहल इतना पसंद आया कि उन्होंने अपनी तरफ से 15 लाख और जोड़ने का फैसला किया।'

## अभिषेक मल्हान ने जुटाए 20 लाख..

इस पोस्ट के जरिए अभिषेक मल्हान ने आगे लिखा, 'अब लगभग 20 लाख की रकम से एक सुंदर हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाएगा। पैसे से ज्यादा मेरे लिए यह बात मायने रखती है कि बजरंग बली ने मुझे इस पुण्य काम का एक छोटा सा हिस्सा बनने का मौका दिया। जय बजरंग बली! जय श्री राम! इस स्थिति में असम का साथ देने के लिए आगे आए सभी इन्फ्लुएंसर को शाउटआउट। अगले 2 दिनों में आपकी मदद की जरूरत होगी। स्टोरीज पर ग्राउंडवर्क रिपोर्ट अनाउंस की जाएगी। ऌलोकेशन - सिमलगुरी। गद्दे, गैस स्टोव, वॉटर प्यूरीफायर और स्टैंडिंग पंखे बांटे। 7 घरों को शुरू से फिर से बनाने का वादा किया। 3 बैटरी रिक्शा की मरम्मत का वादा किया।'

## असम बाढ़ पीड़ितों की इन स्टार्स ने भी की मदद..

फुकरा इंसान के अलावा, बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान, भूमि पेडनेकर और रणदीप हुड्डा जैसे दूसरे बॉलीवुड स्टार्स साथ ही सिंगर गुरु रंधावा ने भी राज्य के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में रिहैबिलिटेशन की कोशिशों को बढ़ाने के लिए एक्टिवली रिसोर्स इकट्ठा किए हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला से अपने सबसे व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम की शुरुआत करेगा ऑस्ट्रेलिया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ऑस्ट्रेलिया बृहस्पतिवार से बांग्लादेश के खिलाफ यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलने के अपने व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत करेगा। इस मैच से 2003 के बाद टेस्ट क्रिकेट की ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में वापसी भी होगी। बांग्लादेश का दो दशकों से अधिक समय में ऑस्ट्रेलिया का यह पहला टेस्ट दौरा है।*



ऑस्ट्रेलिया का अगले 12 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। इस दौरान वह 20 टेस्ट मैच खेलेगा, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के दौरे भी शामिल हैं। अगर वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचता है तो इन मैच की संख्या 21 हो जाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा।

इसके बाद वह चार टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा।ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। वह मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा जो दोनों देशों के बीच टेस्ट मैचों की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जून में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की एशेज श्रृंखला के साथ उसके इस व्यस्त कार्यक्रम का समापन होगा। लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण की धुरी रहे पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन फिर से एक साथ खेलते हुए दिखेंगे।

इनमें से कुछ खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण पिछले कुछ समय से यह चारों एक साथ नहीं खेल पाए थे। हेजलवुड को तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की जगह टीम में लिया गया है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर भी अंतिम एकादश में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को लेकर ज्यादा सवाल उठते हैं। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को पिछले सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में खराब फॉर्म के बावजूद टीम में बरकरार रखा गया है और संभावना है कि वह ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संन्यास लेने से ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करना पड़ा।

मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। लाबुशेन को अंतिम एकादश में अपनी जगह पक्की करने के लिए रन बनाने की जरूरत है। दूसरी तरफ बांग्लादेश की गेंदबाजी काफी कमजोर है। नाहिद राणा, मुस्तफिजुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम तीनों ही पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। शोरिफुल 22 से 26 अगस्त तक क्वींसलैंड के मैकाय में होने वाले दूसरे मैच में वापसी कर सकते हैं। बांग्लादेश का बल्लेबाजी क्रम भी चोटों से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, अनुभवी मुशफिकुर रहीम उंगली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश की बल्लेबाजी की कमजोरी अभ्यास मैच में उजागर हो गई थी जब उसकी टीम केवल 54 रन पर सिमट गई थी।

# 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हर्ष गुजराल ने बताया अपना सबसे बड़ा डर, बोले- 'स्टंट का मजाक नहीं बनना चाहिए'..

डेस्क जगप्रेरणा।



कॉमेडियन हर्ष गुजराल 'खतरों के खिलाड़ी 15' के साथ एड्रेनालाईन से भरपूर स्टंट की दुनिया में कदम रख दिया था। इससे पहले उन्हें 'द ट्रेटर्स' के पहले सीजन में देखा गया था। अपनी हाजिरजवाबी और कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने के लिए मशहूर हर्ष ने केप टाउन में चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकाले का फैसला किया। शो के बारे में बात करते हुए, कहा कि हर्ष कहते हैं कि खुद को चुनौती देने और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से बिल्कुल अलग अनुभव करने का मौका मिलने के कारण 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए हां कहना उनके लिए एक रोमांचक फैसला था।

## हर्ष गुजराल ने बताया अपना सबसे बड़ा डर

अपनी असल जिंदगी के उस एक डर के बारे में बात करते हुए, जिसके बारे में उन्हें चिंता थी कि यह शो में दर्शकों को देखने को मिलने वाला है। हर्ष ने कहा, 'डर पर जीत पाना एक मिथक है। मुझे लगता है कि मैं केप टाउन से और ज्यादा डर लेकर लौटा हूं। ऊंचाई और गहरे पानी ने मुझे हमेशा थोड़ा असहज महसूस कराया है, इसलिए मुझे पता था कि वे मेरी परीक्षा लेंगे, लेकिन सच कहूं तो मेरा सबसे बड़ा डर सिर्फ स्टंट ही नहीं था, बल्कि सबके सामने फेल होना था। लोग मुझ से हंसाने के आदी हैं, लेकिन मैं नहीं चाहता था कि मेरा स्टंट मजाक बन जाए। वह दबाव मेरे साथ बना रहा, क्योंकि आप सच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और ऐसे मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। मैंने मानसिक और शारीरिक रूप से जितनी हो सके उतनी तैयारी की, लेकिन एक बार जब आप वहां खड़े होते हैं तो बस चुनौती होती है।'

## खतरों के खिलाड़ी 15 के लिए हर्ष गुजराल ने क्यों कहा था हां?

हर्ष ने शो के बारे में बात करते हुए, कहा कि 'स्टैंड-अप कॉमेडी हमेशा से मेरा कम्फर्ट जोन रहा है, क्योंकि मैंने सालों तक लोगों का मनोरंजन वहीं किया है। इसलिए मैं कुछ ऐसा करना चाहता था, जो सच में मुझे चुनौती दे। 'खतरों के खिलाड़ी' ऐसा शो नहीं है जहां आप अपनी बातों या पर्सनैलिटी के भरोसे रह सकें। हर स्टंट आपको बिल्कुल अलग तरह से परखता है और इसी बात ने मुझे उत्साहित किया। हां, मैं कानपुर से हूं... जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, च से कानपुर, च से कांड और अब च से खतरों के खिलाड़ी। मैं यहां कुछ ऐसा अनुभव करने आया था जो मैंने पहले कभी नहीं किया था और यह देखने आया था कि जब मैं अपने कम्फर्ट जोन से पूरी तरह बाहर होऊंगा तो कैसा रिएक्ट करूंगा। मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस रूप को भी उतना ही पसंद करेंगे, जितना उन्होंने मुझे स्टेज पर पसंद किया है। साथ ही मुझे खुशी है कि लोगों को स्टंट के बीच मेरा माहौल को हल्का रखना और कंटेस्टेंट्स को हंसाना पसंद आया।'

विशाल आदित्य सिंह 'खतरों के खिलाड़ी 15' से एलिमिनेट होने वाले पहले कंटेस्टेंट बन गए, क्योंकि वे रूहानिका धवन और रुबीना दिलैक के साथ बॉटम थ्री में आ गए थे।

लेख, लघु कथा,
कविताएं एवं साहित्य
सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## स्वतंत्रता केवल इतिहास की उपलब्धि नहीं, भविष्य की भी जिम्मेदारी

15 अगस्त वह दिव्य दिवस है जब शताब्दियों की दासता के पश्चात भारत ने पुनः अपने भाग्य का निर्धारण स्वयं करने का अधिकार प्राप्त किया। असंख्य ज्ञात-अज्ञात क्रांतिवीरों के बलिदान, माताओं के अश्रु, युवाओं के रक्त और तपस्वियों के त्याग से सिंचित यह दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव, कृतज्ञता और आत्मचिंतन का पर्व है। किंतु आज, जब हम स्वतंत्रता के अस्सी वर्षों के समीप खड़े हैं, तब एक प्रश्न हमारे समक्ष गंभीरता से उपस्थित है—क्या स्वतंत्रता केवल प्राप्त कर लेने की वस्तु है, अथवा उसका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है?

भारत वह भूमि है जिसने वेदों की ऋचाएँ सुनी हैं, उपनिषदों का चिंतन किया है, बुद्ध की करुणा और महावीर की अहिंसा को आत्मसात किया है। यहाँ तक्षशिला और नालंदा ने ज्ञान का सूर्य बनकर विश्व को आलोकित किया है। यह वही राष्ट्र है जिसने गणराज्यों की परंपरा विकसित की, विज्ञान, गणित, चिकित्सा और दर्शन के क्षेत्र में मानवता को अमूल्य योगदान दिया। इसलिए 15अगस्त1947 को हम अपनी राजनीतिक स्वाधीनता की पुनर्प्राप्ति का दिन कहते हैं।

इतिहास बताता है कि राष्ट्र केवल बाहरी आक्रमणों से नहीं टूटते; वे तब दुर्बल होते हैं जब उनके भीतर आत्मविस्मृति का अंधकार फैलने लगता है। आज हमारे सामने भी यही चुनौती उपस्थित है। स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद भी वैचारिक उपनिवेशवाद, सांस्कृतिक हीनभावना, ऐतिहासिक विस्मरण और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति उदासीनता अनेक रूपों में दिखाई दे रही है ङ्क कहीं भाषा के प्रति उपेक्षा है तो कहीं संस्कृति को पिछड़ेपन का पर्याय मानने की प्रवृत्ति। कहीं इतिहास को विकृत दृष्टि से देखने का आग्रह है तो कहीं राजनीतिक स्वार्थ राष्ट्रहित से ऊपर रखकर आतंकी शक्तियों और देश विरोधी ताकतों को सहारा दिया जा रहा है। ÷भारत तेरे टुकड़े होंगे÷ जैसे नारे केवल राजनीतिक असहमति की अभिव्यक्ति नहीं हैं; वे उस चेतना पर प्रहार हैं जिसने सहस्राब्दियों से इस राष्ट्र को एक सूत्र में बाँध रखा है। वे क्रांति वीरों की उस वाणी की अवहेलना है जो कहती है ङ्क ÷इस देश को रखना मेरे बच्चों संभालके÷।

विचारों में मतभेद लोकतंत्र की शक्ति होती है, पर राष्ट्र की अखंडता पर प्रश्नचिह्न लगाना स्वतंत्रता की मूल भावना के विपरीत है। दुर्भाग्य से कुछ राजनीतिक शक्तियाँ अल्पकालिक लाभ और वोट बैंक की खातिर समाज में विभाजन की रेखाएँ गहरी करती दिखाई देती हैं। जाति, भाषा, क्षेत्र और संप्रदाय के नाम पर खड़े किए जा रहे कृत्रिम संघर्ष राष्ट्रीय एकात्मता के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

आज की विषम परिस्थितियों में ङ्क सूचना-विस्फोट के इस युग में युवाओं के सामने तथ्यों से अधिक भ्रम और शोर उपस्थित है। सोशल मीडिया की तात्कालिकता अनेक बार उन्हें इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति संतुलित दृष्टि विकसित करने का अवसर नहीं देती। परिणाम हम देख रहे हैं कि अधिकांश युवा स्वतंत्रता को केवल अधिकारों के रूप में देखते हुए उसके साथ जुड़े कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को विस्मृत कर रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों की जागरूकता और निष्ठा में निहित होती है।

आज स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, वरन् आत्मपरीक्षण का पर्व भी होना चाहिए, क्योंकि स्वतंत्रता केवल प्राप्त की जाने वाली उपलब्धि नहीं, निरंतर संरक्षित किए जाने वाला दायित्व है। राष्ट्र की स्वतंत्रता तो प्रत्येक पीढ़ी से संरक्षण की अपेक्षा रखती है।

इसीलिए हमारा आग्रह है कि 15 अगस्त को केवल स्वतंत्रता दिवस के रूप में नहीं, ÷स्वतंत्रता संरक्षण दिवस÷ के रूप में भी स्मरण किया जाए। मेरी दृष्टि में इससे चेतना का जागरण होगा,जो हमें अपनी भूमि, संस्कृति, संविधान, पर्यावरण, इतिहास और राष्ट्रीय एकता के प्रति उत्तरदायी बनाएगी। संरक्षण का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा नहीं है; यह अपनी भाषाओं की रक्षा, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक समरसता की रक्षा और प्रकृति की रक्षा भी है।

आज स्वतंत्रता संरक्षण का अर्थ है ङ्क राष्ट्र की एकता के प्रति अटूट निष्ठा, संविधान के प्रति सम्मान, नागरिक कर्तव्यों का पालन, परस्पर सद्भाव का संवर्धन, भारतीय भाषाओं और ज्ञान-परंपराओं का संरक्षण, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तथा ऐसी शिक्षा का विकास जो युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ सके। यदि स्वतंत्रता हमें अधिकारों का बोध कराती है, तो स्वतंत्रता संरक्षण हमें उन अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कर्तव्यों का स्मरण कराता है।

तो आइए, इस 15 अगस्त पर एक राष्ट्रीय संकल्प लें कि हम स्वतंत्रता को केवल इतिहास की उपलब्धि नहीं, भविष्य की जिम्मेदारी मानेंगे। हमारा प्रयास ऐसी पीढ़ी का निर्माण होगा, जो राष्ट्र को केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना के रूप में देखे। हम मतभेदों से ऊपर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे। हम अधिकार माँगेंगे, तो साथ ही कर्तव्यों का पालन भी करेंगे। हम स्वतंत्रता का आनंद लेते हुए उसके संरक्षण के लिए सदा सजग भी रहेंगे।

तभी 15 अगस्त केवल स्वतंत्रता दिवस नहीं रहेगा; वह स्वतंत्रता संरक्षण का राष्ट्रीय संकल्प दिवस बन जाएगा ङ्क एक ऐसा दिवस जो हमें स्मरण कराए कि स्वतंत्रता प्राप्त करना जितना कठिन था, उसे अक्षुण्ण बनाए रखना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## लघुकथा – शब्द दोषी, प्रमाण पत्र निर्दोष

एक दिन जातिसूचक शब्द और जाति प्रमाण पत्र में ठन गई।

बात इतनी बढ़ी कि दोनों अदालत पहुँच गए।

जातिसूचक शब्द कटघरे में खड़ा था और जाति प्रमाण पत्र संविधान नामक न्यायमूर्ति के सामने फरियाद कर रहा था–

'हुजूर! इसने मेरी जाति बता दी। इसे सज़ा मिलनी चाहिए!'

न्याय की प्रक्रिया शुरू हुई।

कानून की आँखों पर पट्टी थी। उसने प्रमाण पत्र को देखा ही नहीं।

हाँ, कान खुले थे–इसलिए उसने जातिसूचक शब्द की पूरी बात ध्यान से सुनी।

फैसला आया–

'जाति बताना अपराध है। शब्द दोषी है।'

जाति प्रमाण पत्र मुस्कुराया, अपनी जेब सँभाली और बोला।

'चलो भाई, मेरी तो आज फिर नौकरी लग गई!'

कटघरे में खड़ा शब्द चुप था।

उसे पहली बार समझ आया कि कभी-कभी दोष शब्द का नहीं, उसके इस्तेमाल का होता है; और कभी-कभी प्रमाण का वजन शब्द से ज्यादा होता है।

अदालत खाली हुई।

दीवार पर टंगा संविधान मुस्कुराया या उदास हुआ–यह किसी ने नहीं देखा।

कथा पूर्णतः काल्पनिक है। इसका वास्तविक जीवन से कोई संबंध नहीं है। अगर किसी को संबंध दिखाई दे, तो यह महज़ संयोग है।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## 'मेरा हिन्दुस्तान'


सारे जहाँ में गूँजती है,
जिसके स्वरों की तान।
ऐसा प्यारा देश है,
मेरा हिन्दुस्तान।
अस्मिता अपनी जगाएँ,
लाएँ नवल विहान।
राष्ट्रभाषा-राष्ट्रगौरव,
का रखें सब ध्यान।
अनुदारता का साथ पाकर,
हुए जो पाषाण।
मोम जैसे पिघलें वे,
छोड़ें अपना गुमान।
भारतीय विज्ञान का,
हो इतना सम्मान।
छा जाए सर्वत्र,
हमारा नवल-अनुसंधान।
सद्भाव की धारा बहे यों,
बढे समरसता का मान।
हो सारी धरा पर,
समन्वयी गुणगान।
क्या कमियाँ हैं हममें,
इसका हो अब भान।
दूर करें अभाव जन-जन के,
हो सबका उत्थान।
संगीत-सुरभि के आकर्षण से,
गूँजे 'गंगेश्वरी' का गान।
हो भारत में सदा,
सभी भाषाओं का सम्मान।
सारे विश्व में गूँजती है,
जिसके स्वरों की तान।
ऐसा प्यारा देश है,
मेरा हिन्दुस्तान।

लेखिका



श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी'
नैनपुर.

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 244



ck;s ls nk;s – 1) असर करनेवाला, प्रभावी 5) कार्य, काज 7) कांपना, धीरे धीरे हिलना 10) भीतर का, भीतरी 13) एक पक्षी 16) प्रातःकाल,प्रभात 17) एक देश, जिसकी राजधानी हनाय है 20) समाप्त करना या मार डालना अर्थ का एक मुहावरा 23) मलाई 24) धन, धन सम्पत्ति 25) राजस्थान का प्रसिद्ध मरुस्थल 26) तड़कमड़क 27) कामदेव 28) इतिहासकालीन एक प्रसिद्ध प्रेमी युगल 30) ईश्वर 31) अंध स्त्री 32) किताब 33) सुरक्षित, कुशल 33अ) धूल 35) कुबेर नगरी 37अ) तुणीर 37) मनुष्य 38) भाग्य (अं.) 40) मोमबत्ती, दीप 41) गगन 43) सांप 44) स्वच्छ 46) ढ़ंग 48) मंगल 49) अनगिनत 51) एक नदी जिसके किनारे दिल्ली बसी है 54) संबंधी, नातेदार 55) नया भारत 58) शरीर की उंचाई 59) रसिक 61) क्षेत्रफल (उर्दू) 63) दर्पण 65) क्रम में नवा (सं.) 66) लाक्षणिक दृष्टी से भाग्यशाली,, अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, रेखा, राखी की एक फिल्म 69) शरीर 70) सूजी का एक मीठा खाद्य व्यंजन 71) चित्त 72) कमी 73) स्मृति, स्मरण 74) न्यायाधीश (अं.) 76) लवण 78) आघात 82) रामपुत्र 85) फागुन में गाया जानेवाला गीत 87) बहुत प्रसन्न होना अर्थ का एक मुहावरा 91) नखरे दिखलाना 92) शराब 94) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 97) सन्देह करना 99) आतंक, ड़र 101) जनानखाना 102) स्वप्न 103) उड़िसा का एक प्रमुख शहर 105) ताकत 106) प्रेम 107) बगीचा 108) एक पक्षी 109) लगा होना, छूना 110) हाट 111) एक हिन्दू महिना 114) अंतःपूर 115) स्त्रियों का एक वस्त्र 116) बच्चों का नाम रखने का संस्कार

Åij ls uhps – 1) दानवता 2) पाठ, उपदेश, शिक्षा 3) दयालु (उर्दू) 4) सूर्य 5) व्याकुल, भयभीत 6) निषेध 8) वह उपकरण जो गरमी में वायु का हल्का झोंका देता है 9) जिसका सिर झुका हो 10) चिह्न या छाप लगाना 11) भाव 12) बांगला देश से आयी पुराने जमाने की एक प्रसिद्ध गायिका 14) एक जगप्रसिद्ध हीरा 15) लगा हुआ, लिप्त 18) पहले जैसा 19) मठध ारी 21) नशीला 22) सपाट 29) सेना 31) गणित की एक किस्म 33) ठंड़ा 34) अस्थी 35) पूर्ववर्ती इंदौर रियासत की प्रसिद्ध रानी का नाम 36) दुःख और चाह आदि कोव्यक्त करनेवाला एक शब्द, जिसका अर्थ है यदि यह संभव होता 37) पृथ्वी 39) टकसाल से निकला रूपया 42) डार 43) असम्मान 45) अन्याय के विरूद्ध की गई पुकार या प्रार्थना 47) चेष्टा, क्रिया 49) कमी 50) जल्दी क्रोधित होनेवाला, गुस्सैल 52) भाग्य 53) शोकसूचक कविता (उर्दू) 56) जंगल में वास 57) फलाना 60) हैदराबाद का जुड़वा शहर 62) नमूना, उदाहरण 63) फौरन 64) व्यर्थ 67) कसौटी 68) चांदी 75) लोकमत 77) एक जलचर प्राणी 79) दबाने की क्रिया 80) कलंक 81) गीली चीज का गीलापन न रहना 83) धर्म 84) अगर 86) कृत्रिम जलमार्ग 88) बुढ़ा होना अर्थवाला एक मुहावरा 89) सुध 90) बेइज्जती होना अर्थ की एक कहावत 91) जहन्नुम 93) श्रीकृष्ण 95) शिवाजीद्वारा जीते हुए इस किले का पूर्ववर्ती नाम कोंडाना था 96) अचूक ( उपाय आदि ) 98) किसी चीज को काटने से दो टुकड़े होना या किसी भाग का अलग हो जाना 100) गाजर की तरह का एक और कंद 104) दृश्य 107) जो ताजा न हो 109) मित्र 110) एक हिंस्त्र जानवर 112) हिमालय पर पाया जानेवाला एक जानवर (जवाब अगले अंक मे)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | रा | ज | | सु | ब | ह | | सु | ल | भ | | स | दा | ब | हा | र | | खो | ज |
| ज | क | ड़ | ना | | त | ल | वा | र | | ग | र | | म | ह | क | | म | द | | बा |
| | स | | ज | न | | वा | दा | | दा | न | त | | ता | क | | वा | | फा | गु | न |
| आ | द | त | | त | र | | र | ज | नी | | | दा | द | | त | म | स | | ल | |
| वा | | क | द | | वी | र | | ल | | | ज | ब | ल | पु | र | | ह | र | जा | ई |
| ज | ग | दी | श | च | न्द्र | ब | सु | | प | र | ना | ना | | ल | स | | ज | ह | री | ला |
| | ग | र | म | | ना | ड़ी | | क | र | त | ब | | ब | | खा | ना | | ना | ला | |
| दि | न | | ल | | थ | | व | र | दा | न | | स | र | क | ना | | बा | | ल | य |
| या | | ना | व | | टै | | र | म | न | | का | र | खा | ना | | अ | ल | क | नं | दा |
| | बे | टा | | गं | गो | त्री | | | शी | त | का | ल | | त | रा | ना | | वि | दा | |
| ह | वा | | अं | गा | र | | | पू | न | म | | ता | प | | म | हा | न | ता | | ग |
| ल | | अ | बा | ध | | अ | पू | र्ण | | क | र्ज | | र | स | दा | र | | कृ | प | ण |
| च | म्म | च | | र | च | ना | | वि | | ना | | न | व | र | स | | कृ | ष्ण | | ना |
| ल | | र | फू | | ट | र | ट | रा | ना | | ला | वा | रि | स | | चि | | मू | ल | |
| | म | ज | ह | ब | | क | | म | ह | क | | ग | श | | अ | प | की | र्ति | | आ |
| चू | हा | | ड़ | | ग | ली | चा | | क | स | र | त | | अ | दा | का | र | | बा | ग |

anumeya-08446302691




8 गुरुवार 13 अगस्त 2026

जग प्रेरणा

व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# महाराष्ट्र में डोमिनोज पिज्जा के चार आउटलेट के लाइसेंस एफडीए ने निलंबित किए..




जगप्रेरणा मुंबई, (भाषा)।

***महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में डोमिनोज पिज्जा के चार आउटलेट के खाद्य कारोबार लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इनमें तीन मुंबई में और एक सतारा जिले में है।***

एफडीए ने बुधवार को बयान में कहा कि जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड द्वारा संचालित ब्रांड डोमिनोज के मुंबई में विले पार्ले पश्चिम, बोरीवली पश्चिम और घाटकोपर पश्चिम स्थित आर-सिटी मॉल के आउटलेट के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

मई में एफडीए आयुक्त का पद संभालने के बाद से ही तुकाराम मुंढे ने खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता नियमों के उल्लंघन के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया हुआ है।

बयान के मुताबिक, विले पार्ले आउटलेट में खाद्य नियामक एफएसएसएआई से मिला लाइसेंस प्रदर्शित करने, पीने योग्य पानी, खाद्य पदार्थों के भंडारण, कीट नियंत्रण और स्वच्छता सुविधाओं से जुड़ी कमियां पाई गईं। उसे फ्रोजन खाद्य पदार्थों के तापमान की उचित निगरानी, खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं को अलग रखने, चूहे एवं अन्य कीटों से बचाव तथा हाथ धोने और स्वच्छता की पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

वहीं, बोरीवली आउटलेट में 15 प्रतिशत नियमों का अनुपालन नहीं पाया गया। एफडीए ने खाद्य भंडारण, तापमान निगरानी, खाद्य जांच, साफ-सफाई और कीट नियंत्रण में सुधार के निर्देश दिए। कच्चे एवं पके और शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य पदार्थों को अलग रखने और उपकरणों एवं बर्तनों की नियमित सफाई के लिए भी कहा गया।

घाटकोपर आउटलेट में साफ-सफाई, स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम और कीट नियंत्रण में कमियां मिलीं। वहां पुराने सामान की पहले निकासी व्यवस्था का पालन नहीं किया जा रहा था तथा खाद्य भंडारण के दौरान उचित तापमान भी नहीं रखा जा रहा था।

सतारा जिले के मालकापुर स्थित डोमिनोज आउटलेट और कराड में सैफायर फूड्स इंडिया द्वारा संचालित दो अन्य फास्ट-फूड प्रतिष्ठानों के लाइसेंस भी निलंबित किए गए हैं। मालकापुर आउटलेट में करीब 40 प्रतिशत नियमों का अनुपालन नहीं मिला।

एफडीए ने कहा कि कराड के प्रतिष्ठानों में पिज्जा बनाने की प्रक्रिया में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। इनमें शाकाहारी और मांसाहारी पिज्जा के लिए अलग ओवन और पैन, खाद्य पदार्थों को अलग रखना तथा सॉस और पिज्जा की टॉपिंग पर पैकिंग और समाप्ति की तारीख का उचित लेबल लगाना शामिल है। एफडीए ने बताया कि महाराष्ट्र में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 104 रेस्तरां का निरीक्षण किया गया। इनमें दो प्रतिष्ठानों को कारोबार बंद करने का आदेश दिया गया, 95 को सुधार नोटिस दिए गए और पांच के लाइसेंस निलंबित किए गए।

इस अभियान में डोमिनोज पिज्जा, केएफसी, पिज्जा हट, मैकडोनाल्ड्स, सबवे, बर्गर किंग, स्टारबक्स और मोंगिनिस समेत कई ब्रांड शामिल थे। एफडीए ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कुल 120 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, 54 सुधार नोटिस जारी किए गए और 11 खाद्य कारोबार लाइसेंस निलंबित किए गए।

# आरबीआई ने बैंक, एनबीएफसी के लिए ब्याज दर निर्धारण संबंधी मसौदा नियम जारी किए..

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए ब्याज दर निर्धारण के नियमों में समानता लाने के उद्देश्य से बुधवार को दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया।***




आरबीआई की अधिसूचना के मुताबिक, फिलहाल ऋण पर ब्याज दरों से संबंधित नियामकीय व्यवस्था केवल वाणिज्यिक बैंकों पर लागू है, जबकि एनबीएफसी संस्थान मुख्य रूप से आचरण से जुड़े नियमों के दायरे में आते हैं।

मसौदे में सभी विनियमित संस्थाओं के लिए समान निर्देश जारी करने का प्रस्ताव है। इनमें स्थिर और परिवर्तनशील, दोनों तरह के ऋणों पर ब्याज दर तय करने के लिए व्यापक सिद्धांत आधारित व्यवस्था होगी, जो संबंधित संस्था के कारोबार की प्रकृति, जटिलता और आकार के अनुरूप होगी।

प्रस्तावित दिशानिर्देशों को 'भारतीय रिजर्व बैंक (ऋण एवं अग्रिम पर ब्याज दर) दिशानिर्देश, 2026' कहा जाएगा और इन्हें एक अप्रैल, 2027 से लागू करने का प्रस्ताव है। आरबीआई ने मसौदे पर जनता से 11 सितंबर तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की ब्याज दर संबंधी नियमों में समानता लाने की घोषणा के बाद यह मसौदा जारी किया गया है।

ये दिशानिर्देश विनियमित संस्थाओं के सिर्फ घरेलू कारोबार पर लागू होंगे। इनके तहत सभी विनियमित संस्थानों को ऋण एवं अग्रिम पर ब्याज दरों के संबंध में निदेशक मंडल से स्वीकृत नीति बनानी होगी और साल में कम-से-कम एक बार समीक्षा करनी होगी।

मसौदे के मुताबिक, इस नीति में ऋण की कीमत तय करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं को शामिल करना होगा जिसमें सूक्ष्म-वित्त ऋण भी शामिल हैं। नीति में ब्याज दर तय करने की पद्धति, आंतरिक मानक तय करने की प्रक्रिया, ब्याज दर में जोखिम के आधार पर जोड़े जाने वाले अतिरिक्त हिस्से, ऋण की विभिन्न श्रेणियां और ऋण की कीमत तय करने के अधिकारों के बंटवारे जैसे पहलू शामिल होंगे। नियमों में कहा गया है कि विनियमित संस्था को सूक्ष्म-वित्त और कम राशि वाले ऋणों के लिए वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) की स्पष्ट अधिकतम सीमा तय करनी होगी। इसमें ब्याज दर के साथ सभी अन्य शुल्क शामिल होंगे और यह सुनिश्चित करना होगा कि दरें अत्यधिक या शोषणकारी न हों। स्थिर ब्याज दर वाले ऋणों के लिए संस्था को आंतरिक या बाहरी मानक दर के आधार पर जोखिम के अनुरूप अतिरिक्त दर जोड़कर ब्याज दर तय करनी होगी। परिवर्तनशील ब्याज दर वाले ऋणों के लिए भी आंतरिक या बाहरी मानक दर के साथ जोखिम आधारित अतिरिक्त दर जोड़कर ब्याज दर निर्धारित की जाएगी।

# 'विकसित भारत' के लिए बैंक परिसंपत्ति वृद्धि दर को जीडीपी से 3.5 प्रतिशत अंक अधिक करें: रिपोर्ट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश के बैंकों को अगले दो दशक में अपनी परिसंपत्तियों में वृद्धि दर को बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर से 3.5-4 प्रतिशत अंक अधिक बनाए रखना होगा। इससे 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर***




की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को समर्थन मिलेगा। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। 'विनिंग इन द एआई एराः द न्यू प्लेबुक फॉर इंडियन बैंक्स' (एआई के दौर में सफलताः भारतीय बैंकों के लिए नई रणनीति) शीर्षक से जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस वृद्धि के लिए 2047 तक भारतीय बैंकों की कुल परिसंपत्तियां करीब 45 लाख करोड़ डॉलर तक होने की जरूरत है। इसके साथ ही बैंकिंग परिसंपत्तियों और जीडीपी का अनुपात वित्त वर्ष 2024-25 के 0.9 गुना से बढ़ाकर 1.5 गुना करने का लक्ष्य रखना होगा।

उद्योग मंडल फिक्की, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय बैंक संघ द्वारा एफआईबीएसी सम्मेलन 2026 में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग परिसंपत्तियों के लिहाज से भारत फिलहाल चीन, यूरो क्षेत्र और अमेरिका से पीछे है।

हालांकि, यह अंतर धीरे-धीरे कम हो रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकिंग परिसंपत्तियां 12.4 प्रतिशत बढ़ीं, जबकि बाजार मूल्य पर जीडीपी में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यानी बैंकिंग परिसंपत्तियों की वृद्धि जीडीपी वृद्धि से 3.5 प्रतिशत अंक अधिक रही। जबकि वित्त वर्ष 2015-16 से 2024-25 के दशक में यह अंतर महज 0.2 प्रतिशत अंक था। यह दर्शाता है कि बैंकिंग क्षेत्र मजबूती के साथ इस बदलाव के दौर में प्रवेश कर रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक दशक से जारी डिजिटलीकरण अभी तक बड़े पैमाने पर अपेक्षित उत्पादकता लाभ देने में सफल नहीं रहा है। भारतीय बैंकों की प्रौद्योगिकी पर लागत वित्त वर्ष 2014-15 से 6.1 गुना बढ़ी है और इसकी संचयी वार्षिक वृद्धि दर 18 प्रतिशत रही है। इसके बावजूद उद्योग का लागत-आय अनुपात 47.3 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 48.6 प्रतिशत ही हुआ है। हालांकि, हाल के वर्षों में क्षमता आधारित वृद्धि से वास्तविक उत्पादकता लाभ की ओर बदलाव के संकेत मिले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) संस्थानों को प्रत्येक संगठन के स्तर पर वैश्विक औसत की तुलना में 1.6 गुना अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। वहीं, किसी सुरक्षा कमजोरी के सामने आने से उसके पहले दुरुपयोग का पता चलने तक का अंतराल 17 गुना कम हो गया है।

भारत की केवल 38 प्रतिशत बीएफएसआई कंपनियां अपने सूचना प्रौद्योगिकी बजट का 10 प्रतिशत से अधिक साइबर सुरक्षा पर खर्च करती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह अनुपात 76 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया कि खुदरा ऋण में धोखाधड़ी का जोखिम अब भी ऊंचा बना हुआ है। बैंकों को धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की क्षमता को ऋण जोखिम प्रबंधन के समान स्तर तक मजबूत करने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

बैंकों को पारंपरिक ऋण जोखिम से आगे बढ़कर धोखाधड़ी, परिचालन संबंधी मजबूती, साइबर सुरक्षा, भू-राजनीतिक और जलवायु जोखिमों पर भी अधिक ध्यान देना होगा।

# कैग का कर देनदारी के आकलन के लिए आयकर, जीएसटी विभागों में बेहतर तालमेल का सुझाव..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने राजस्व विभाग से कार्य अनुबंध और निर्माण सेवाएं देने वाली कंपनियों की जीएसटी देनदारी का सही आकलन करने के लिए आयकर और जीएसटी विभागों के***




बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने को कहा है। कैग ने मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर अपनी अनुपालन ऑडिट रिपोर्ट में कहा कि करदाताओं की आयकर कार्यवाही से जुड़ी सूचनाओं का इस्तेमाल ऐसी अघोषित आपूर्ति पर संबंधित जीएसटी देनदारी का पता लगाने के लिए किया जाना चाहिए।

रिपोर्ट में कहा गया, ''राजस्व विभाग को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही, आयकर अधिकारियों के पास उपलब्ध अघोषित आय संबंधी सूचनाओं का उपयोग निर्माण और कार्य अनुबंध सेवाएं देने वाले करदाताओं की संबंधित जीएसटी देनदारी तय करने के लिए किया जाना चाहिए।'' कैग ने 735 करदाताओं के नमूने की जांच में 123 मामलों में अनुपालन संबंधी कमियां पाईं। इन मामलों में कुल 190.98 करोड़ रुपये के राजस्व पर प्रभाव पड़ा।

इन कमियों में सड़क, पुल, रेलवे और मिट्टी कार्य से जुड़े कार्य अनुबंध पर गलत तरीके से रियायती कर दर या छूट का लाभ लेना, सरकारी प्राधिकरणों को दी गई कार्य अनुबंध सेवाओं पर कम कर जमा करना, जारी या पूरी हो चुकी परियोजनाओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अनियमित लाभ लेना, आयकर विभाग द्वारा पकड़ी गई अघोषित आय यानी रिकॉर्ड से बाहर प्राप्त राशि पर जीएसटी जमा नहीं करना और मेट्रो परियोजनाओं में कम कर भुगतान जैसी अनियमितताएं शामिल थीं।

कैग ने राजस्व विभाग से कहा कि वह जांच या आंतरिक ऑडिट के दायरे में अधिक मामलों को शामिल करने के लिए व्यवस्था बनाए। खासकर उन मामलों की समीक्षा की जाए, जहां सड़क, पुल और रेलवे परियोजनाओं का काम करने वाले उप-ठेकेदार या उप-उप-ठेकेदार कार्य अनुबंध सेवाओं पर रियायत का लाभ ले रहे हैं, ताकि करदाताओं द्वारा सही कर भुगतान सुनिश्चित हो सके। रिपोर्ट में कहा गया कि विभाग को रियायतों के दावों को नियंत्रित करने के लिए उचित सत्यापन व्यवस्था लागू करने की संभावना भी तलाशनी चाहिए।

कैग ने यह भी सुझाव दिया कि राजस्व विभाग ऐसी व्यवस्था बनाए, जिसके तहत उन मामलों की जांच या आंतरिक ऑडिट किया जाए जहां कार्य अनुबंध या निर्माण सेवाएं देने वाले करदाता सरकारों से सेवाएं प्राप्त करते हैं या अपंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से वस्तुएं और सेवाएं लेते हैं। इससे ऐसे मामलों में 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' के तहत सही जीएसटी भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। 'रिवर्स चार्ज' व्यवस्था के तहत कर भुगतान की जिम्मेदारी सेवा प्राप्त करने वाले पर होती है जीएसटी कानून के तहत कार्य अनुबंध का अर्थ किसी अचल संपत्ति से जुड़े कार्य से है। पुराने वैट और सेवा कर नियमों के विपरीत, जीएसटी व्यवस्था में चल संपत्ति से जुड़े कार्यों को कार्य अनुबंध में शामिल नहीं किया जाता। किसी सेवा को जीएसटी के तहत कार्य अनुबंध मानने के लिए संपत्ति का हस्तांतरण एक महत्वपूर्ण शर्त है।

# आर्थिक वृद्धि की रफ्तार तेज करने को सालाना 40 लाख करोड़ रु. का बुनियादी ढांचा निवेश जरूरी: नैबफिड..

मुंबई, (भाषा)।

***भारत को दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे में सालाना निवेश की रफ्तार दोगुनी कर 40 लाख करोड़ रुपये करनी होगी। नैबफिड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में अभी बुनियादी ढांचे में सालाना लगभग 20 लाख करोड़***

रुपये का निवेश हो रहा है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे और विनिर्माण, दोनों क्षेत्रों में निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जरूरत है।नैबफिड एक विकास वित्त संस्थान है। इसे देश में सड़क, रेल, बंदरगाह, हवाई अड्डे, बिजली जैसी अवसंरचना परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक वित्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

नैबफिड के प्रबंध निदेशक राजकिरण राय जी ने यहां फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के सालाना कार्यक्रम में एक परिचर्चा के दौरान कहा, ''अगले 20 वर्षों में केवल बुनियादी ढांचे में ही करीब 800 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। यानी हर साल लगभग 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। अभी हम मुश्किल से 20 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर पा रहे हैं। इसी तरह विनिर्माण क्षेत्र में पूंजीगत निवेश भी बड़े पैमाने पर बढ़ाने की जरूरत है।''

उन्होंने कहा कि पूंजीगत निवेश की बात केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं है, बल्कि विनिर्माण क्षेत्र में भी निवेश बढ़ाना होगा। भारत ने विनिर्माण क्षेत्र के अपेक्षित विकास से पहले ही सेवा क्षेत्र में तेज प्रगति कर ली थी। राय ने कहा कि सेवा क्षेत्र ने भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अर्थव्यवस्था को चार लाख करोड़ डॉलर के स्तर के करीब पहुंचाने में मदद की है, लेकिन अब विनिर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, ''उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और अन्य पहल से इस दिशा में तेजी आई है। विनिर्माण और बुनियादी ढांचे, दोनों में निवेश बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हमें टिकाऊ तरीके से नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करनी है तो मौजूदा निवेश को लगभग दोगुना करना होगा।÷






# चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली में 14 अगस्त से खाद्य सब्सिडी का डिजिटल रुपये से होगा भुगतान

नई दिल्ली, (भाषा)।

केंद्र सरकार शुक्रवार को चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्य सब्सिडी के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) व्यवस्था शुरू करेगी। इसके साथ ही दोनों केंद्रशासित प्रदेश डिजिटल रुपये के जरिये खाद्य सब्सिडी का पूरी तरह डिजिटल माध्यम से वितरण करने वाले देश के पहले क्षेत्र बन जाएंगे। इस कार्यक्रम में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री एन जयंतीभाई बंभानिया शामिल होंगे।

खाद्य मंत्रालय ने बुधवार को बयान में कहा कि नई डीबीटी व्यवस्था के तहत पीएमजीकेएवाई के पात्र लाभार्थियों को पारंपरिक बैंक खाते में राशि भेजने के बजाय सीधे उनके सीबीडीसी वॉलेट में खाद्य सब्सिडी दी जाएगी।

लाभार्थी इस डिजिटल राशि का इस्तेमाल अधिकृत राशन दुकानों से अनाज खरीदने के लिए कर सकेंगे। इसके तहत भुगतान की प्रक्रिया डिजिटल और वास्तविक समय में पूरी होगी तथा लेनदेन का पता लगाया जा सकेगा। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल पुडुचेरी और गुजरात में चलाए गए पिछले प्रायोगिक कार्यक्रमों पर आधारित है। चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली में इसे सभी पात्र लाभार्थियों के लिए पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली में एक नई पहल है।

बयान के मुताबिक, इस व्यवस्था से सब्सिडी में होने वाली गड़बड़ी एवं दुरुपयोग को रोकने तथा वितरण व्यवस्था में नकदी का इस्तेमाल कम करने में मदद मिलेगी। इससे लाभार्थियों को सब्सिडी का हस्तांतरण अधिक तेज और सुरक्षित तरीके से हो सकेगा तथा डिजिटल वॉलेट के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार इस पहल को देश के अन्य हिस्सों के लिए एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में देख रही है। चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली से मिले अनुभवों के आधार पर इसे बाद में अन्य राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है।

इस पहल से कल्याणकारी योजनाओं में सीबीडीसी के व्यापक इस्तेमाल की संभावनाओं को परखने और देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# दो वर्ष से अधूरा पड़ा स्कूल भवन, एक कमरे में चल रही पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं..

जगप्रेरणा लांजी।

***महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम पंचायत परसवाड़ा का शासकीय प्राथमिक स्कूल वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहा है।***







स्कूल में कक्षा पहली से पांचवीं तक 45 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं तीन शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन बच्चों के लिए न पर्याप्त कक्ष हैं, न शौचालय, न बाथरूम और न ही नल-जल की व्यवस्था। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि करीब दो साल से स्कूल का नया भवन अधूरा पड़ा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में स्कूल भवन जर्जर होने के बाद ग्रामीणों और ग्राम पंचायत की मांग पर राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 28 फरवरी 2024 को नवीन स्कूल भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत परसवाड़ा को बनाया गया और भवन का निर्माण एक वर्ष में पूरा किया जाना था। लेकिन निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य के लिए आवश्यक राशि पूरी उपलब्ध नहीं होने के कारण भवन आज भी अधूरा पड़ा है।

## एक कमरे में पांच कक्षाएं, उसी में सामान और शिक्षकों की बैठक..

स्कूल भवन अधूरा होने के कारण वर्तमान में बच्चों को एक ही अतिरिक्त कमरे में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं संचालित कर पढ़ाया जा रहा है। इसी कमरे में स्कूल का सामान रखा हुआ है और शिक्षकों की बैठक व्यवस्था भी है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई किस तरह प्रभावित हो रही होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

## शौचालय नहीं, घर या खुले में जाने मजबूर बच्चे..

स्कूल में शौचालय और बाथरूम की सुविधा नहीं होने से छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को शौचालय जाने के लिए शिक्षकों से छुट्टी लेकर अपने घर जाना पड़ता है, जबकि बाथरूम के लिए उन्हें खुले स्थान का सहारा लेना पड़ रहा है। स्कूल से घर आने-जाने के दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही के कारण बच्चों के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

## नल-जल व्यवस्था भी नहीं, बच्चों की परेशानी बढ़ी..

स्कूल परिसर में पेयजल के लिए नल-जल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी परेशान हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा का अधिकार तभी मिलेगा, जब उन्हें पढ़ाई के लिए सुरक्षित और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अधूरे पड़े स्कूल भवन का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराया जाए और स्कूल में शौचालय, बाथरूम, पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि दो साल से अधूरे भवन के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, इसलिए जिम्मेदार विभाग को मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

राम तालाब के नाम पर पराया माल अपना..

# कारंजा में तालाब जीर्णोद्धार के नाम पर लाखों का आहरण

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम पंचायत कारंजा का राम तालाब इन दिनों पानी से ज्यादा सरकारी खर्च के कारण चर्चा में है। राम तालाब की कहानी फिलहाल पानी की सतह से ज्यादा उन दस्तावेजों में छिपी हुई है।***





जिनमें सरकारी धन के निकलने और काम के दर्ज होने का पूरा ब्यौरा मौजूद है। सवा करोड़ रुपये की चर्चा सच है या आंकड़ा कुछ और है-इसका फैसला अब रिकॉर्ड और स्थल की संयुक्त जांच से ही हो सकेगा।

तालाब के जीर्णोद्धार और सुविधाओं के नाम पर अलग-अलग कार्य कराए जाने की जानकारी है, लेकिन इन कार्यों का कितना बजट था और अब तक कितनी राशि खर्च की गई, इसका विवरण आम लोगों के लिए सामने नहीं रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक तालाब परिसर में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों पर करीब सवा करोड़ रुपये की शासकीय राशि खर्च की गई है।

इतनी बड़ी रकम खर्च होने की जानकारी सामने आने के बाद भी स्थल पर ऐसा कोई स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीण कार्य की लागत और निर्माण की मात्रा का सीधा मिलान कर सकें। यही वजह है कि राम तालाब में खर्च हुई राशि का पूरा लेखा.जोखा जानने के लिए अब सरकारी अभिलेखों की तरफ देखना पड़ रहा है।

## दो काम बताए जा रहे, पर पूरी तस्वीर सार्वजनिक नहीं..

राम तालाब में करीब दो कार्य कराए जाने की जानकारी सामने आई है। इनके अलावा भी अलग-अलग निर्माण कार्य कराए जाने की बात कही जा रही है। लेकिन कार्यों की संख्या, स्वीकृत राशि, कार्य एजेंसी और भुगतान का विवरण सार्वजनिक नहीं होने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि तालाब के विकास पर कुल कितनी रकम लगाई गई। ग्रामीणों को यदि योजना का नाम और राशि की जानकारी ही उपलब्ध न हो तो निर्माण की लागत का आकलन करना मुश्किल होना स्वाभाविक है। सरकारी काम में सूचना पटल इसी वजह से लगाया जाता है, ताकि गांव का कोई भी व्यक्ति मौके पर खड़े होकर काम और खर्च का विवरण देख सके। राम तालाब पर लगाया गया सूचना पटल अब टूटकर जमीन पर पड़ा बताया जा रहा है। उस पर दर्ज रहने वाली स्वीकृति, राशि और कार्य से संबंधित जानकारी ग्रामीणों के उपयोग में नहीं है।

## सवा करोड़ की चर्चा, लेकिन खर्च का ब्यौरा पर्दे के पीछे..

राम तालाब के लिए तटबंध सुदृढ़ीकरण यानी री-सेक्शनिंग ऑफ बंड तथा पनघट निर्माण जैसे कार्य स्वीकृत किए जाने की जानकारी है। इन कार्यों का उद्देश्य तालाब की उपयोगिता बढ़ाना और ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराना था। सूत्रों के अनुसार राम तालाब में अलग-अलग निर्माण कार्यों पर लगभग सवा करोड़ रुपये खर्च किए जाने की जानकारी सामने आई है। यह आंकड़ा सरकारी दस्तावेजों से प्रमाणित होना अभी बाकी है, लेकिन इतनी बड़ी राशि की चर्चा के बाद संबंधित विभाग के लिए कार्यवार खर्च का विवरण सार्वजनिक करना आवश्यक हो जाता है।

# उत्कृष्ट शाला प्रबंध समिति का गठन, रेखा शुक्ला बनी अध्यक्ष

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य बनाने लिया संकल्प..





जगप्रेरणा लांजी।

शासन के निर्देशानुसार 12 अगस्त 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। विद्यालय के शैक्षणिक विकास, विद्यार्थियों के हितों तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी एवं सहभागी बनाने के उद्देश्य से आयोजित प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों के अभिभावकों, पालक-शिक्षक संघ के सदस्यों, पूर्व छात्रों, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं सहित विद्यालय परिवार की सहभागिता रही।

गठन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य द्वारा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों को उपस्थित सदस्यों के समक्ष कंडिका-वार पढ़कर सुनाया गया। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्रीमती रेखा शुक्ला को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा श्रीमती गायत्री मिसारे को उपाध्यक्ष चुना। सम्पूर्ण गठन प्रक्रिया जनपद पंचायत सभापति एवं जनपद सदस्य दिनेश लांडे की उपस्थिति में संपन्न हुई। साथ ही विद्यालय में भवन निर्माण समिति एवं शैक्षणिक समिति का भी गठन किया गया, ताकि विद्यालय की अधोसंरचना, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जा सके।

## विद्यार्थियों के हित में सामूहिक सहभागिता पर जोर..

इस अवसर पर नवगठित समिति के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक सहभागिता से कार्य करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में सभापति दिनेश लांडे, नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती रेखा शुक्ला, उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री मिसारे, शाला प्राचार्य फुल्लारे, पवन कंकरायने, महेश मेश्राम, श्रीमती दुर्गा आसटकर, श्रीमती साधना रावते,जगदीश हनोते, शैलेन्द्र बागड़े, रुमेन्द्र बोपचे, श्रीमती वनमाला भौतिक, श्रीमती सोनिया गुरदे, प्रेमलाल मातरे, श्रीमती वंदना उके, जितेन्द्र ठवरे, श्रीमती भारती पाण्डे, श्रीमती दुर्गा आसटकर एवं श्रीमती पूनम गुप्ता सहित शाला शिक्षक एस.ई. बनोठे, बी.आर. चिखले, श्रीमती ए. दुरुगकर, श्रीमती ए. मौर्य एवं श्रीमती आर. ताण्डेकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अंत में शाला प्राचार्य सहित समस्त शाला परिवार ने नवगठित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई देते हुए विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# ग्रामीण अंचल में परंपरा और श्रद्धा के साथ मनाया जीवती पर्व

**पशुधन को लगाया पकवानों का भोज**

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्रामीण अंचलों में परंपरा, आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक जीवती पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। श्रावण मास की अमावस्या के अवसर पर मनाए जाने वाले इस पारंपरिक पर्व में धार्मिक***





अनुष्ठानों के साथ पशुधन की पूजा तथा वर्षों पुरानी लोक परंपराओं का निर्वहन किया गया। पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही उत्साह का वातावरण नजर आया।

जीवती पर्व का ग्रामीण जीवन और कृषि संस्कृति से गहरा संबंध है। खेती-किसानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बैलों एवं अन्य पशुधन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए किसानों ने उनका पूजन किया। पशुओं को स्नान कराने के बाद हल्दी का लेप लगाया गया तथा गुड़ से बने लड्डू और विभिन्न पकवान खिलाए गए। इस अवसर पर पशुधन को विश्राम दिया गया और उनसे कृषि कार्य नहीं कराया गया। किसानों ने अपने पशुधन के स्वस्थ एवं निरोगी रहने की कामना की।

## माताओं ने की संतान की सुख-समृद्धि की कामना..

जीवती पर्व महिलाओं के लिए भी विशेष महत्व रखता है। महिलाओं ने जीवती माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। माताओं ने अपने पुत्रों को गोद में बिठाकर आशीर्वाद दिया और उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। घर-परिवार में पूजा-पाठ और धार्मिक वातावरण के बीच पर्व की खुशियां मनाई गईं।

## लोक परंपराओं में दिखी सामाजिक समरसता..

जीवती पर्व के अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विभिन्न समुदायों से जुड़ी पारंपरिक रस्में भी निभाई गईं। सुनार समाज द्वारा घर-घर जाकर जीवती लगाने की परंपरा निभाई गई, वहीं लोहार समाज के लोगों ने घरों के दरवाजों पर पारंपरिक रूप से कील ठोकने की रस्म निभाई। ढीमर समाज के लोग भी अपनी पारंपरिक रीति के अनुसार घर-घर पहुंचे। इन परंपराओं के माध्यम से लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक मेल-जोल और आपसी भाईचारे का परिचय दिया।

## प्रकृति और पशुधन के सम्मान का संदेश..

जीवती पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति में प्रकृति और पशुधन के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाने वाला पर्व है। सावन की हरियाली के बीच मनाया जाने वाला यह पर्व मनुष्य, प्रकृति और पशुधन के बीच सदियों से चले आ रहे आत्मीय संबंध को मजबूत करता है। आधुनिकता के दौर में भी ग्रामीण समाज द्वारा इन परंपराओं को जीवंत रखना क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और लोक आस्था की निरंतरता को दर्शाता है।


# कार्यालय कार्यालय नगर परिषद लांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.)

**।। इश्तेहार ।।**

क्रमांक / 926 स. शा. आम सू./ न.प./2026 लांजी, दिनांक 11/ 08 /2026

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद् सीमा के अन्तर्गत निम्नलिखित भवन में नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है । भवन से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है । इस भवन में नाम विलोपित किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 (पन्द्रह ) दिनों के अन्दर मय सबूत / दस्तावेजो के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत करें । समयावधि के पश्चात् नाम विलोपित कर दिया जावेगा एवं अवधि उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र | प्रापटी आईडी क्रमांक | भवन/भूमि का खसरा नंबर एवं रकबा जिस पर भवन निर्मित है | मोहल्ला का नाम एवं वार्ड क्रमांक | वर्तमान भवन स्वामी का नाम एवं पता | आवेदनकर्ता जिनका नाम दर्ज किया जाना है | भवन नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 70011 87386 | खसरा नम्बर 30/5 रकबा 0.0400 हे. | सालेटेकरी रोड कोटेश्वर गेट के पास वार्ड क्रमांक 03 लांजी | बेनीराम पिता काशीराम वार्ड क्रमांक 03 लांजी | दीवानचंद, हीराचंद, सुरेशचंद पिता स्व. बेनीराम आसटकर वार्ड क्रमांक 03 लांजी | राजस्व अभिलेख एवं वंशानुक्रम के आधार पर। |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद लांजी


**राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित NEP बीएससी Old फर्स्ट ईयर सप्लीमेंट्री एग्जाम परीक्षा बीएससी फर्स्ट ईयर मेजर II पेपर-एनालिटिकल केमेस्ट्री जो दिनांक 7 /8 /26 को आयोजित हुई थी। परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं हेतु पुनः परीक्षा दिनांक 19/8/26 को आयोजित की जा रही है।**

**जिन छात्रों ने पूर्व में इस प्रश्न पत्र की परीक्षा दे दी है वे छात्र पुणे आयोजित होने वाली परीक्षा ना दें।**






# पॉली एकेडमी ने दिया हर घर तिरंगा का संदेश चित्रकला, गीत, भाषण से देश भक्ति का संदेश

जगप्रेरणा लांजी।

***सी.बी.एस.ई. पाली अकादमी संस्थान बिसोनी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।***




नर्सरी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की संचालिका वंदना वैद्य, प्रबंधक संजय चौरे एवं प्राचार्य श्रद्धा कांड्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संचालिका वंदना वैद्य ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को तिरंगे का सम्मान करते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान में सहभागिता करनी चाहिए। प्रबंधक संजय चौरे ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रभक्ति एवं देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी विद्यालय का महत्वपूर्ण दायित्व है। वहीं प्राचार्य श्रद्धा कांड्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## तिरंगा यात्रा ने बढ़ाया देशभक्ति का उत्साह

अभियान के तहत विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा के साथ देशप्रेम की भावनाओं को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। पूरे आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वन विभाग के लिपिक के घर EOW का छापा, आय से अधिक संपत्ति की जांच

### मंडला में तड़के पहुंची जबलपुर इ ओ डबल्यु की टीम, दस्तावेज, बैंक खातों और संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले..





**जगप्रेरणा मंडला।**

जिले में आर्थिक अपराध के खिलाफ बुधवार सुबह आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो **(EOW)** जबलपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। **EOW** की विशेष टीम ने मंडला शहर में वन विभाग (पश्चिम सामान्य) में पदस्थ लिपिक श्वेतांक चौरसिया के आवास पर दबिश देकर आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच शुरू की। सुबह-सुबह हुई कार्रवाई से विभागीय कर्मचारियों और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि संबंधित लिपिक के खिलाफ उसकी ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें **EOW**को प्राप्त हुई थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आवश्यक न्यायिक अनुमति के बाद जबलपुर से **EOW** की टीम बुधवार तड़के मंडला पहुंची और आवास पर कार्रवाई शुरू की।

### बैंक खातों से लेकर जमीन-जायदाद के दस्तावेजों की जांच..

कार्रवाई के दौरान **EOW** अधिकारियों ने घर में मौजूद विभिन्न दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों की जांच की। टीम द्वारा बैंक पासबुक, खातों, बीमा पॉलिसियों, निवेश संबंधी दस्तावेज, भूमि एवं भवन से जुड़े कागजात तथा अन्य वित्तीय लेन-देन से संबंधित रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि लिपिक की चल-अचल संपत्तियां उसकी वैध आय के अनुरूप हैं या नहीं।

### दस्तावेजों के सत्यापन के बाद स्पष्ट होगी स्थिति..

**EOW** की कार्रवाई फिलहाल जांच के चरण में है। टीम द्वारा जब्त अथवा जांचे जा रहे दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड का सत्यापन एवं मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद ही आय और संपत्ति के बीच अंतर की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। यदि जांच में आय से अधिक संपत्ति के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**EOW** की इस कार्रवाई को जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। फ्लिहाल जांच जारी है और कार्रवाई पूरी होने के बाद ही मामले में विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

# प्राचार्य पर शिक्षकों ने लगाए तानाशाही और अभद्रता के आरोप, जांच के आदेश

### एकीकृत शासकीय हाई स्कूल घाघा का मामला, शिक्षकों ने लगाए विवाद और धक्का-मुक्की के आरोप..




**जगप्रेरणा मंडला।**

विकासखंड मंडला के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय हाई स्कूल घाघा में पदस्थ प्राचार्य सुभाष चंद्र चतुर्वेदी पर स्कूल के शिक्षकों ने तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने और अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने जांच कराने की बात कही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को स्कूल में समय-सारणी तैयार की जा रही थी।

इसी दौरान गणित विषय के शिक्षक रितेश ताम्रकार को सामाजिक विज्ञान पढ़ाने की जिम्मेदारी दिए जाने की बात सामने आई। शिक्षक ताम्रकार का कहना है कि वे गणित विषय के शिक्षक हैं और इसी बात को लेकर प्राचार्य से उनका विवाद हो गया। शिक्षक रितेश ताम्रकार ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान प्राचार्य ने उनके साथ ऊंची आवाज में बात की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। उनका यह भी आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया गया।

### संस्कृत शिक्षक ने भी लगाए आरोप..

इसी मामले में स्कूल के संस्कृत शिक्षक राजेश महोबिया ने भी प्राचार्य के व्यवहार को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि स्कूल की समय-सारणी तैयार की गई, लेकिन उसमें उनका नाम दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने भी प्राचार्य के रवैये को लेकर आपत्ति जताई है। शिक्षकों का आरोप है कि प्राचार्य के व्यवहार को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि, शिक्षकों द्वारा लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई..

मामले को लेकर मीडिया द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला जांच के दायरे में है। जांच समिति की रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि शिक्षकों द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और मामले में शिक्षा विभाग की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है।

# बरेला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सैंडी बरमैया और कपिल साहू गिरफ्तार..



### व्यापारी पर कथित जानलेवा हमले के मामले में लंबे समय से थे फरार, रेत कारोबार को लेकर भी उठ रहे सवाल..

**जगप्रेरणा मंडला/जबलपुर।**

***मंडला जिले में रेत के कारोबार को लेकर लंबे समय से विवाद, राजनीतिक हस्तक्षेप और वर्चस्व की चर्चाओं के बीच बम्हनी क्षेत्र के चर्चित सैंडी बरमैया को बरेला***

पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कथित सह-अभियुक्त कपिल साहू को भी गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी व्यापारी शंकर गुरनानी पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में की गई है।

पुलिस के अनुसार, व्यापारी शंकर गुरनानी पर हमले के बाद बरेला थाने में गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता पक्ष का आरोप है कि हमले में गुरनानी के सिर पर गंभीर चोट आई थी और उपचार के दौरान कई टांके लगाए गए। घटना के बाद से सैंडी बरमैया फरार चल रहा था।

### दिल्ली से मंडला तक पुलिस ने दी दबिश..

बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली, उत्तराखंड, रायपुर और मंडला सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। पुलिस के मुताबिक मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों की लोकेशन भोपाल क्षेत्र में मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने रात में कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार कर जबलपुर लाया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया गया था। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि संबंधित स्तर से होना बाकी है।

### फरारी के दौरान किसने दी मदद, जांच का विषय..

गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज होने के बावजूद सैंडी बरमैया लंबे समय तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहा। ऐसे में उसकी फ्रारी के दौरान उसे आर्थिक अथवा अन्य प्रकार की मदद किसने उपलब्ध कराई, यह भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु है। शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता रहा है कि फ्रारी के दौरान सैंडी को मंडला जिले के एक थाने से कथित रूप से मुचलका दिया गया था। इस मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता के हाईकोर्ट जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र एवं आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

### रेत कारोबार को लेकर भी चर्चा..

सैंडी बरमैया का नाम बम्हनी क्षेत्र में कथित रेत कारोबार को लेकर भी लंबे समय से चर्चा में रहा है। आरोप है कि क्षेत्र में रेत परिवहन के लिए बड़ी संख्या में डंपर और छोटे-बड़े वाहन संचालित किए जाते हैं। बम्हनी क्षेत्र के पास 'वाइट हाउस' नाम से चर्चित स्थान पर कथित रूप से बड़े पैमाने पर रेत का स्टॉक होने की बात भी सामने आई है।

यदि यहां वास्तव में बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण किया गया है, तो यह जांच का विषय है कि भंडारण के लिए संबंधित विभाग से अनुमति ली गई थी या नहीं और रेत की वैधता से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध हैं या नहीं।

### खनिज, परिवहन और राजस्व विभाग की संयुक्त जांच जरूरी..

पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए खनिज, परिवहन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जांच में संबंधित वाहनों के स्वामित्व, परमिट, ई-रवन्ना, रॉयल्टी भुगतान, परिवहन मार्ग और जीपीएस रिकॉर्ड की पड़ताल की जा सकती है।

यदि जांच में अवैध रेत भंडारण अथवा परिवहन की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्तियों के साथ-साथ निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।

### गिरफ्तारी के बाद बढ़ी जांच की चुनौती..

सैंडी बरमैया और कपिल साहू की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस के सामने केवल आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की चुनौती नहीं है, बल्कि मामले से जुड़े पूरे नेटवर्क की पड़ताल भी अहम होगी। फरारी के दौरान कथित मददगारों, आर्थिक लेनदेन और रेत कारोबार से जुड़े नेटवर्क की जांच से कई और तथ्य सामने आने की संभावना है।

हालांकि, रेत कारोबार, राजनीतिक संरक्षण, मुचलका और अन्य आरोपों की पुष्टि जांच एवं संबंधित विभागों की आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# भोपाल में आयोजित प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मंडला के विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

### शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मिले प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो, प्रदेशभर की 480 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित






**जगप्रेरणा मंडला।**

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से भोपाल में आयोजित प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में मंडला जिले के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। इस समारोह में मंडला सिंधी समाज के चार मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन सिंधी मेला समिति एवं भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी भोपाल के प्रतिष्ठित रवींद्र भवन सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता भगवानदास सबनानी ने की, जबकि भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश वाधवानी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से ऐसे विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और प्रदेश का नाम रोशन किया है। समारोह के दौरान सभी प्रतिभाओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

### मंडला के विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का गौरव..

प्रांतीय स्तर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में मंडला सिंधी समाज से जुड़े चार विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

### सम्मानित विद्यार्थियों में शामिल हैं..

तमन्ना क्षत्री, पिता/अभिभावक जगदीश एवं वर्षा क्षत्री, जिन्होंने कक्षा 12वीं में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। टिशा नागदेव, अभिभावक स्वर्गीय नरेश नागदेव, जिन्होंने कक्षा 12वीं में 87.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। आयुषी सचदेव, अभिभावक जगदीश एवं नीलम सचदेव, जिन्होंने कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रिंस नेभवानी, अभिभावक गुलाबचंद एवं पूनम नेभवानी, जिन्होंने कक्षा 10वीं में 91 प्रतिशत अंक हासिल किए इन विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया, जिस पर उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### 480 प्रतिभाओं को मिला सम्मान..

आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष के प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 480 प्रतिभाशाली बच्चों एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षा, खेल, कला, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभागी शामिल थे।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाओं को समय-समय पर सम्मानित करना समाज और राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और अन्य बच्चों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।

### सिंधी समाज में खुशी का माहौल..

मंडला के विद्यार्थियों को प्रांतीय स्तर पर सम्मान मिलने से जिले के सिंधी समाज में हर्ष और गौरव का वातावरण है। समाज के वरिष्ठजनों, अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सामाजिक संगठनों ने कहा कि इन विद्यार्थियों की उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे मंडला जिले के लिए गर्व का विषय है। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# हरियाली अमावस्या पर श्री सिद्धेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब..

### वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ से गुंजायमान हुआ सुरंगदेवरी..

### संकट निवारण, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना से हुआ वृहद धार्मिक अनुष्ठान, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ..



**जगप्रेरणा मंडला।**

सावन माह की पावन हरियाली अमावस्या पर जिले के सुरंगदेवरी स्थित प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं धार्मिक केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष हवन-पूजन, यज्ञ और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में जिले सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे दिन धाम परिसर श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और धार्मिक उत्साह से सराबोर रहा।

धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन साईं भक्त पंडित ललित नारायण मिश्रा के सानिध्य में किया गया। तड़के सुबह लगभग पांच बजे से ही अनुष्ठानों का क्रम प्रारंभ हो गया था। धाम के समीप स्थित देव बप्पा आश्रम, सुरंगदेवरी में विराजमान संकटमोचन श्री हनुमान जी महाराज एवं माँ भगवती के दरबार में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना और यज्ञ संपन्न कराया गया।

### क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण के लिए हुआ विशेष यज्ञ..

हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। साथ ही लोगों को उनके जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं, मानसिक तनावों और शारीरिक कष्टों से मुक्ति दिलाने की कामना भी की गई। विशाल यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और विश्वास के साथ यज्ञ वेदी में आहुति अर्पित की। वैदिक विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शंखनाद, घंटियों की ध्वनि और जय श्रीराम, जय बजरंगबली तथा जय माता दी के उद्घोष से सिद्धेश्वर धाम का परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

### वैदिक मंत्रों और भक्ति भाव से गूंजा धाम परिसर..

कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालु सुबह से ही धाम पहुंचने लगे थे और दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक गतिविधियों में शामिल रहे। धाम परिसर में विशेष सजावट की गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

श्रद्धालुओं ने बताया कि हरियाली अमावस्या के दिन सिद्धेश्वर धाम में दर्शन और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। इसी कारण बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचकर अपने परिवार की खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हैं।

### जन-जन की आस्था का केंद्र बना सिद्धेश्वर धाम

धाम से जुड़े श्रद्धालुओं और शिष्यों के अनुसार श्री सिद्धेश्वर धाम वर्षों से लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां समय-समय पर विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनमें दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस पावन स्थल पर आने से उन्हें मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्राप्त होती है। इसी विश्वास और श्रद्धा के कारण हर विशेष पर्व और धार्मिक अवसर पर यहां भक्तों की बड़ी संख्या पहुंचती है।


### महाआरती में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों के बाद संकटमोचन श्री हनुमान जी महाराज की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर भगवान से सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया और सिद्धेश्वर धाम की आध्यात्मिक गरिमा की सराहना की।

### हरियाली अमावस्या पर दिखी श्रद्धा, सेवा और संस्कृति की अनूठी मिसाल

हरियाली अमावस्या के अवसर पर आयोजित यह धार्मिक आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी सद्भाव और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का माध्यम भी बना। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि श्री सिद्धेश्वर धाम आज भी क्षेत्रवासियों की आस्था, विश्वास और धार्मिक भावनाओं का प्रमुख केंद्र है।

धार्मिक आयोजन के सफल समापन के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान से अपने परिवार, समाज और क्षेत्र की उन्नति की कामना की तथा अगले धार्मिक आयोजन में पुनः शामिल होने का संकल्प लिया।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# देवरी नगर पंचायत पार्षद शैंकी भाटिया ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन..

### कपड़े और मिठाइयां बांटकर चेहरे पर बिखेरी मुस्कान..



जगप्रेरणा देवरी।

*'खुशियां बांटने से दोगुनी होती हैं और वही खुशियां निस्वार्थी मुस्कान में ढूंढना ही जन्मदिन का सच्चा उपहार है।'*

इसी भावना को चरितार्थ करते हुए पंचायत देवरी के संवेदनशील एवं कार्यतत्पर पार्षद श्री शैंकी भाटिया ने इस वर्ष भी अपना जन्मदिन एक अनुकरणीय सामाजिक पहल के साथ मनाया। उन्होंने देवरी स्थित 'उत्थान मतिमंद विद्यालय' के विशेष (दिव्यांग) बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन अत्यंत आत्मीयता और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर पार्षद शैंकी भाटिया की ओर से विद्यालय के सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को नए कपड़े और मीठा भोजन (मिठाई) वितरित किया गया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों के चेहरों पर आई मासूम मुस्कान ही इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण और आनंद बनी।

अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए पार्षद शैंकी भाटिया ने कहा, 'इन निस्वार्थी और विशेष बच्चों की सेवा करने का अवसर मिलना मेरे लिए ईश्वर का आशीर्वाद है। मैं ईश्वर का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं और यह संकल्प लेता हूं कि आने वाले हर वर्ष मैं अपना जन्मदिन इन्हीं बच्चों के सानिध्य में मनाऊंगा।'

इस दौरान मित्र परिवार के प्रमुख सदस्य–श्री हमीदभाई मेमन, श्री विलास शिंदे, श्री अरविंद शेंडे, श्री शकील कुरैशी, श्री अमित तरजुले, श्री अजय पोंगळे, श्री किशोर येणप्रेडीवार, श्री आशिष ठाकूर, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती धनश्री तिवलकर, समस्त शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रचार-प्रसार की सुर्खियों से दूर रहकर वास्तविक अर्थों में जरूरतमंद और विशेष वर्ग के बीच खुशियां बांटने की पार्षद शैंकी भाटिया की इस अनूठी सामाजिक प्रतिबद्धता की देवरी शहर में सर्वत्र सराहना की जा रही है। देवरी के मित्र परिवार एवं नगरवासियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके इस निस्वार्थ कार्य को सलाम किया है।

# तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वप्नील आतराम को अनिवार्य अवकाश पर भेजा..

### विभिन्न शिकायतों के आधार पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी की कार्रवाई..

### डॉ. अमित खोड़णकर को टीएचओ का अतिरिक्त प्रभार..

जगप्रेरणा सालेकसा।

*करीब दो दशक बाद सालेकसा स्थित तालुका नियंत्रण पथक कार्यालय में राज्य सरकार द्वारा महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग के माध्यम से पूर्णकालिक तालुका स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में डॉ. स्वप्नील आत्राम की नियुक्ति* की गई थी। हालांकि पिछले दो वर्षों से तालुका स्वास्थ्य अधिकारी तथा तालुके के अन्य चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन को लेकर समन्वय की स्थिति नहीं बन पाई। इस बीच स्वास्थ्य कर्मचारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा डॉ. आत्राम के खिलाफ की गई विभिन्न शिकायतों के आधार पर जांच के बाद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनित चंद्रा दोंतुला ने डॉ. स्वप्नील आत्राम को अनिवार्य अवकाश पर भेजने का आदेश जारी किया है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि तालुका नियंत्रण पथक, सालेकसा के तालुका स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. स्वप्नील आत्राम को पूर्णकालिक मुख्यालय में निवास करते हुए सालेकसा तालुके के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि डॉ. आत्राम के खिलाफ विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें उनके कामकाज एवं कार्यप्रणाली को लेकर आपत्तियां दर्ज की गई थीं। शिकायतों में आरोप लगाया गया कि वे पंचायत समिति की मासिक बैठकों में बार-बार अनुपस्थित रहते हैं, कर्तव्यस्थल पर भी कई बार उपस्थित नहीं रहते, मुख्यालय में निवास नहीं करते तथा उनके व्यवहार को लेकर भी असंतोष है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उनसे संपर्क करने पर उनका व्यवहार उचित नहीं रहता, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और शासकीय कार्य लंबित रह रहे हैं। इस आधार पर उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की गई थी। इस संबंध में निवासी उपजिलाधिकारी, गोंदिया द्वारा भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

इससे पहले भी डॉ. स्वप्नील आत्राम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के आधार पर उन्हें अपने कार्य में सुधार करने का एक अवसर दिया गया था।

### जिलास्तरीय जांच समिति गठित..

डॉ. आत्राम के कामकाज के विरोध में चिकित्सा अधिकारियों, अनेक समुदाय स्वास्थ्य अधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों के आधार पर जिलास्तरीय जांच समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा 7 अगस्त 2026 को की गई जांच के दौरान कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों में डॉ. आत्राम के खिलाफ रोष एवं असंतोष दिखाई देने की बात आदेश में कही गई है।

वहीं 3 अगस्त 2026 को हुई जिला परिषद की स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी डॉ. आत्राम के खिलाफसालेकसा तालुके के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रोष तथा विभिन्न समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित हो रही खबरों का मुद्दा सामने आया। इससे स्थानीय नागरिकों में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गलत संदेश जाने की आशंका व्यक्त की गई। जांच समिति की जांच पूरी होने तक जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इस उद्देश्य से डॉ. आत्राम को अनिवार्य अवकाश पर भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इसके बाद आदेश पर हस्ताक्षर की तारीख 11 अगस्त 2026 से डॉ. स्वप्नील भाऊराव आत्राम को जांच समिति की जांच एवं अंतिम सुनवाई पूरी होने तक अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया गया है।

### डॉ. अमित खोड़णकर को टीएचओ का अतिरिक्त प्रभार..

डॉ. स्वप्नील आत्राम को अनिवार्य अवकाश पर भेजे जाने के बाद उनके स्थान पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा तालुका स्वास्थ्य अधिकारी, सालेकसा पद का अतिरिक्त कार्यभार डॉ. अमित प्रकाशराव खोड़णकर, चिकित्सा अधिकारी (गट-अ), आयुर्वेदिक दवाखाना, अदासी (प्राथमिक आरोग्य केंद्र खमारी) को अगले आदेश तक सौंपा गया है। संबंधित आदेश में तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. अमित खोड़णकर इससे पहले भी करीब पांच वर्षों तक तालुका स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

## कोहली कम्युनिटी के ताज में सम्मान का ताज..

# युवा डिजिटल स्टार हर्ष पुष्पतोडे के लिए एक शानदार सम्मान..

### युटयूब पर 1.6 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 90 लाख से ज़्यादा फॉलोअर्स..



जगप्रेरणा आमगांव।

*कोहली समाज के युवा डिजिटल क्रिएटर हर्ष पुष्पतोडे ने अपने असाधारण प्रतिभा बिना थके मेहनत, लगातार काम करने और क्रिएटिविटी के दम पर सोशल मीडिया फील्ड में* अपनी एक खास पहचान बनाई है। उनकी शानदार सफलता की वजह से, कोहली कम्युनिटी की पहचान डिजिटल दुनिया में और बड़ी हो गई है, और कम्युनिटी के ताज में सम्मान का एक और ताज सज गया है।

डिजिटल फील्ड में हर्ष पुष्पतोडे की शानदार उपलब्धियों को देखते हुए, उन्हें कोहली समाज विकास मंडल, नागपुर ने खास तौर पर सम्मानित किया। उनकी सफलता की तारीफ करते हुए, कम्युनिटी के लोगों ने उनके आगे के सफर के लिए दिल से शुभकामनाएं दीं।

**YouTube** पर हर्ष पुष्पतोडे के वीडियो को करोड़ों व्यूज़ मिले हैं, और **Instagram** के ज़रिए भी करोड़ों लोगों तक पहुंचे हैं। डिजिटल मीडिया में यह ज़बरदस्त पॉपुलैरिटी उनकी क्रिएटिविटी, कड़ी मेहनत और अपने ऑडियंस के साथ उनके रिश्ते का सबूत है। एंटरटेनमेंट के साथ-साथ कम्युनिटी की भावना पैदा करने का काम आज के डिजिटल ज़माने में सोशल मीडिया सिर्फ़एंटरटेनमेंट का ज़रिया ही नहीं, बल्कि टैलेंट के लिए एक प्लेटफ़ॉर्म और कम्युनिटी को पहचान दिलाने का एक असरदार ज़रिया भी बन गया है। हर्ष पुष्पतोड़े ने इस मीडियम का पॉज़िटिव इस्तेमाल अपनी पहचान बनाने और कोहली कम्युनिटी की पहचान को भी बड़ा करने के लिए किया है।

उनकी कामयाबी कई युवाओं को डिजिटल फ़ील्ड में अपना हुनर आज़माने के लिए इंस्पायर कर रही है। उनके सफ़र ने यह भरोसा बनाया है कि अगर लगन, कंसिस्टेंसी, कड़ी मेहनत और मॉडर्न टेक्नोलॉजी को ठीक से मिलाया जाए, तो गांव और आम परिवारों के युवा भी डिजिटल दुनिया में बड़ी कामयाबी हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने अपने काम से दिखाया है कि ट्रेडिशनल सेक्टर के साथ-साथ डिजिटल मीडिया, कंटेंट क्रिएशन और टेक्नोलॉजी के ज़रिए करियर के नए मौके भी मिलते हैं।

इस शानदार कामयाबी के लिए कोहली समाज विकास मंडल की तरफ़ से हर्ष पुष्पतोड़े को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष प्रकाश बलबुधे, डॉ. हेमकृष्ण कपगते, पूर्व विधायक अमोल मुंगमोड़े, किशोर डोंगरवार, उमाशंकर पर्वते, वामन खुणे, ओमप्रकाश संग्रामे, स्वप्निल गोपाले, दिलीप लोधी, केशव कपगते, डॉ. यशवंत लांजे, डॉ. राजेश कपगते, दीपक पुष्पतोड़े और दूसरे सोशल एक्टिविस्ट मौजूद थे।

### बोले अध्यक्ष किशोर डोंगरवार..

'हर्ष पुष्पतोड़े समाज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं' हर्ष पुष्पतोड़े ने कड़ी मेहनत, पक्के इरादे और क्रिएटिविटी से सोशल मीडिया के क्षेत्र में अपनी एक खास पहचान बनाई है। उनकी सफलता ने पूरे कोहली समाज का गौरव बढ़ाया है। आज के डिजिटल युग में, हर्ष पुष्पतोड़े निश्चित रूप से समाज के युवाओं के लिए पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़कर नए क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के लिए एक प्रेरणा हैं।

उनके काम को पहचान दिलाना कोहली समाज विकास मंडल के लिए गर्व की बात है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं ताकि भविष्य में भी उनके माध्यम से समाज का नाम और ऊंचाइयों तक पहुंच सके, बोर्ड के अध्यक्ष किशोर डोंगरवार ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

## मेरी जगह मे तुने बैल क्यो बांधा पुछने पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/8/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान पांढराबोडी मे फर्यादी धर्मराज नेतलाल लिल्हारे उम्र 30 वर्ष निवासी नवेगाव अपने घर का बांधकाम देखने गया था। वहा बैल बंधे हुवे थे फर्यादी ने आरोपी से कहा यहा बैल मत बांध अपनी जगह मे बांधा कर इस बात पर दोनो आरोपीयो ने लकडी से सरपर मारकर जख्मी कर तु यहा दोबारा दिखना मत धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 464/2026 धारा 118, 1, 352, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा भुते 1516 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।**




## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### पानी मे तैरने गये युवक की डुबकर हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/8/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान मुंडीपार मे पुनित किशोर गमधरे उम्र 22 वर्ष निवासी मुंडीपार अपने दोस्तो के साथ तलाव मे नहाने गया था। नहाते समय गहरे पानी मे जाने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 25/2026 धारा 194, भानासूस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा मडावी 1555 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### गालीगलौच देने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/8/2026 के 2 बजे के दरम्यान एकोडी मे फर्यादी चंद्रशेखर रामेश्वर हरीणखेडे उम्र 34 वर्ष निवासी एकोडी अपने मजदुरी के काम से वापस आ रहा था। जहा आते समय आरोपी ने गालीगलोच की फर्यादी ने कहा क्यों गाली दे रहा है, तो आरोपी ने लकडी से सरपर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 381/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ राजेश जौंजाळ 935 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

# भवभूति महाविद्यालय में डॉ. एस. आर. रंगनाथन की 114 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई..




जगप्रेरणा आमगांव।

*स्थानीय भवभूति महाविद्यालय में 12 अगस्त 2026 को पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन की 114वीं जयंती उत्साहपूर्ण* वातावरण में मनाई गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा पुस्तकालय सलाहकार समिति के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले और ग्रंथपाल श्रीमती पी. ए. भगत के हाथों डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई।

इस अवसर पर पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. रमेश बावनथड़े, डॉ. संजय तावड़े व डॉ. विशाल राठौड़ सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डॉ. रंगनाथन द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के विकास में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। उपस्थित लोगों को उनके द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय विज्ञान के पांच सूत्रों और ज्ञान के प्रसार में पुस्तकालय के महत्व से अवगत कराया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने, ज्ञान का प्रसार करने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और आजीवन सीखने की आदत विकसित करने में पुस्तकालय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया और अध्यक्ष की अनुमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# जी. पी. शासकीय कर्मचारी सहकारी पतसंस्था कोहमारा के शाखा अध्यक्ष पद पर विनोद चौधरी का चयन



जगप्रेरणा देवरी।

*जिला परिषद एवं शासकीय कर्मचारी सहकारी पतसंस्था भंडारा की 'कोहमारा शाखा' के शाखा अध्यक्ष पद पर गोंदिया जिला परिषद कर्मचारी पतसंस्था के* निदेशक विनोद चौधरी का सर्वसम्मति से चयन किया गया है। उनके इस चयन से कोहमारा क्षेत्र के कर्मचारियों और पतसंस्था के गलियारों में खुशी का माहौल व्याप्त है। विनोद चौधरी ने पतसंस्था के माध्यम से अब तक कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों और विकासात्मक कार्यों पर विशेष जोर दिया है। उनकी निष्ठा, तत्परता और उत्कृष्ट कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए संस्था के निदेशकों ने उन्हें शाखा अध्यक्ष पद की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।अपने चयन पर आभार व्यक्त करते हुए विनोद चौधरी ने कहा, 'पतसंस्था के सभी सदस्यों और कर्मचारियों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा।

कोहमारा शाखा का सर्वांगीण विकास करना और कर्मचारियों को त्वरित व पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना ही मेरा मुख्य लक्ष्य होगा।'

उनके इस चयन पर पतसंस्था के अन्य निदेशकों, शासकीय कर्मचारियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, मित्रों तथा स्थानीय नागरिकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक बधाई दी है। सभी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि विनोद चौधरी के कुशल नेतृत्व में कोहमारा शाखा का और अधिक विकास होगा और संस्था प्रगति के शिखर पर पहुंचेगी।

# वाचाल तो वाचाल -डॉ. मूर्ती




जगप्रेरणा सालेकसा।

*प्रताप मेमोरियल चॅरिटेबल ट्रस्ट, गोंदिया द्वारा संचालित शंकरलाल अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय में 12 अगस्त 2026 को महान ग्रंथपाल डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती के अवसर पर ग्रंथपाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।*

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. नारायण मूर्ती ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में महाविद्यालय के ग्रंथपाल प्रा. राहुल कवाडे तथा वनस्पतिशास्त्र विभाग के डॉ. भूपेश मेंढे उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय में पुस्तकों के वर्गीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. मूर्ती ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न पुस्तकों की जानकारी देते हुए संदर्भ ग्रंथों का अध्ययन किस प्रकार करना चाहिए तथा उन्हें अपने विषय से जोड़कर ज्ञान कैसे अर्जित किया जा सकता है, इस संबंध में मार्गदर्शन किया।

इसी अवसर पर ग्रंथालय विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गिरीश देशमुख ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।






12 गुरुवार 13 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली




# गोंदिया-भंडारा जिले में सड़क, पुल, रेल ओवर ब्रीज और यातायात सुविधाओं के विकास को मिलेगी गति..

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ सांसद प्रफुल पटेल व राजेंद्र जैन की महत्वपूर्ण बैठक





जगप्रेरणा गोंदिया।

*नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के निवास पर भंडारा एवं गोंदिया जिले में सड़क, पुल, रेल ओवरब्रीज तथा यातायात सुविधाओं से संबंधित विभिन्न लंबित एवं प्रस्तावित विकास कार्यो को लेकर महत्वपूर्ण बैठक के लिये*

सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेन्द्र जैन पहुंचे, तथा सांसद श्री पटेल एवं जैन ने भंडारा एवं गोंदिया दोनों जिलों के नागरिकों को हो रही यातायात संबंधी समस्याओं, लंबित कार्यों तथा आवश्यक नए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ विस्तृत चर्चा की। भंडारा एवं गोंदिया जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद प्रफुल पटेल ने अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए दोनों जिलों के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने, राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण, फ्लाईओवर के निर्माण, लंबित फ्लाईओवर की समस्याओं को तत्काल दूर कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा विभिन्न रेलवे ओवरब्रिज परियोजनाओं की प्रक्रिया पूरी करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर तुमसर के विधायक राजूभाऊ कारेमोरे भी उपस्थित रहे। उन्होंने तुमसर-मोहाड़ी क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

### भंडारा एवं गोंदिया जिले के इन कार्यों हेतु की चर्चा..

सांसद प्रफुल पटेल ने केन्द्रिय मंत्री नितिन गडकरी से चर्चा करते हुए भंडारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543, 287 एवं 753 पर चल रहे विभिन्न लंबित एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए खैरलांजी-खापा, भंडारा शहर के शास्त्री चौक से त्रिमूर्ति चौक तथा शीतला माता मंदिर से रेलवे समतल क्रॉसिंग तक सीमेंट- कांक्रीट सड़क का निर्माण, भंडारा-तुमसर-बपेरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जांब में सौंदर्यीकरण एवं डिवाइडर, खापा चौक एवं जाम में फ्लाईओवर के साथही खैरलांजी-तुमसर, मोहाड़ी-भंडारा तथा तिरोड़ा-सलाई खुर्द-मनसर मार्ग पर फोर लेन एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण पर चर्चा की। इसी प्रकार सांसद प्रफुल पटेल ने गोंदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 एवं 753 पर प्रस्तावित एवं लंबित विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता देने के साथ ही आमगांव-देवरी एवं गोंदिया-आमगांव मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज, गोंदिया पूर्व बायपास पर अतिरिक्त रेलवे ओवरब्रिज, गोंदिया-तिरोड़ा मार्ग पर बालाघाट टी-पॉइंट एवं काचेवानी स्थित रेल ओवरब्रीज तथा महेक रेस्टोरेंट के पास नाले पर स्लैब निर्माण कार्य की मांग केन्द्रिय मंत्री गडकरी से की। इसी प्रकार गोंदिया-तिरोड़ा-सलाई खुर्द-मनसर मार्ग पर लंबित सीमेंट-कंक्रीट सड़क, जिलाधिकारी कार्यालय से खमारी तक फोर लेन सड़क, कोहमारा-गोंदिया मार्ग का चौड़ीकरण तथा सौंदड़ में फ्लाईओवर, अंडरपास, स्लिप रोड, नाली एवं फुटपाथ के अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा करने के संबंध में भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि बैठक में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सकारात्मक रुख व्यक्त किया। उन्होंने सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन द्वारा सुझाए गए विकास कार्यों तथा लंबित कार्यों में आवश्यक कमियों को दूर करते हुए दोनों जिलों की विकास परियोजनाओं में आ रही बाधाओं को दूर करने और अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# 5 दिवसीय बैंकिंग की माँग को लेकर गोंदिया में बैंक कर्मियों का किया प्रदर्शन..



## नारेबाजी कर दिखाई एकजुटता, माँगें न मानने पर 'काम बंद' आंदोलन की दी चेतावनी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार, 12 अगस्त को गोंदिया में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी मुख्य माँग 'पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह' को लेकर जोरदार*

प्रदर्शन किया। शाम 5:30 बजे रेलटोली स्थित बैंक ऑफ इंडिया परिसर के समक्ष बड़ी संख्या में एकत्रित हुए बैंक कर्मियों ने 'हमारी माँगें पूरी करो' के गगनभेदी नारे लगाए और धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय संगठन के नेताओं ने अपनी माँग को दोहराते हुए कहा कि डिजिटल बैंकिंग के दौर में कर्मचारियों के कार्य-जीवन संतुलन के लिए सभी शनिवारों को अवकाश घोषित कर 5 दिन का बैंकिंग हफ्ता लागू करना अति आवश्यक है। यूनियनों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार और बैंक प्रबंधन ने उनकी इस जायज माँग को जल्द पूरा नहीं किया, तो आने वाले दिनों में देशव्यापी 'काम बंद आंदोलन' (हड़ताल) छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। इस धरना-प्रदर्शन में प्रदर्शन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए और अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

# भक्तिभाव एवं समारोहपूर्वक मनाया गया संत शिरोमणि नामदेव महाराज का 676 वां संजीवन समाधि कार्यक्रम..

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा किया गया शोभायात्रा का स्वागत, गोपालकाला, विद्यार्थी सम्मान व समाजरत्न पुरस्कार प्रदान किये गए..






जगप्रेरणा गोंदिया।

*वारकरी संप्रदाय के आधारस्तंभ संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज का 676 वां संजीवन समाधि समारोह गोंदिया वैष्णव शिम्पी समाज द्वारा बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः श्री संत शिरोमणि भक्तवत्सल नामदेव महाराज का*

जलाभिषेक, पूजा-पाठ व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन किशोर महादेवराव बिडवाईकर के हाथों संपन्न हुआ। इसके पश्चात ह.भ.प. बलरामपंथ ऊके महाराज के हरिपाठ कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन के बाद नगर भ्रमण करती हुई भव्य शोभायात्रा (दिंडी) यात्रा निकाली गई। दिंडी गोंदिया शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए भाजपा गोंदिया के द्वारा गोरेलाल चौक पर पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज ने नागरिकों द्वारा जगह जगह पर दिंडी पालखी का पूजन किया गया।समाज की ओर से गोपालकाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। श्री चन्द्रकिशोर उर्फ मोंटू डोमाजी बोरकर के हाथों दहीहांडी फोड़ी गई। इस अवसर पर 10 वीं व 12 वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं का शाल, श्रीफल, मोमेंटो, शील्ड व प्रमाणपत्र देकर समाज द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही समाजसेवा में योगदान के लिए समाज के वरिष्ठ नागरिक अनिल डबरे को समाजरत्न पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री रोहित अग्रवाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, गोंदिया भाजपा उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैष्णव शिम्पी समाज के अध्यक्ष दुर्गेश भिवगडे, उपाध्यक्ष चंद्रकांत भुम्बर, सचिव मनोहर ढगे, सहसचिव तुषार घडोले, कोषाध्यक्ष प्रशांत बेलगे सहित शैलेश भिवगडे, रितेश बोरकर, सुधीर ढगे, सुनील शेडके, कैलास बोरकर, राजेश पर्वतकर, शेखर भिवगडे, राजू हुड, दिलीप पेढारकर, सुखदेव सातव, रेवा लोनारकर एवं समस्त समाज बंधु उपस्थित थे। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सौ. दीपिका बोरकर, संगीता ढगे, मीनाक्षी बेलगे, दुर्गा ढगे, प्रतिभा जांगजोड, पूर्णिमा भिवगडे, मंदा भिवगडे, शालू चन्नेकर, पूर्णिमा पेढारकर, रेखा बारसागडे सहित बड़ी संख्या में वारकरी, नागरिक एवं महिला भगिनी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन सहसचिव तुषार अरुण घडोले ने किया। संपूर्ण आयोजन स्थानीय गोंदिया वैष्णव शिम्पी समाज द्वारा किया गया था।

# श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा की पिडकेपार गौशाला पहुंचकर लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल ने की गौ माताओं की सेवा..

## निरंतर गौ माता की सेवा का भी लिया संकल्प..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले में सामाजिक सेवाओं में अग्रणी लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल द्वारा समय समय पर विभिन्न सेवा कार्यों के आयोजन किये जाते हैं, इसी क्रम में दिनांक 08 अगस्त को*

भी लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल के सभी सदस्यों द्वारा मिलकर श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा द्वारा संचालित गौशाला पहुंचकर गौ माताओं की सेवा की गई।

लॉयन सदस्यों ने स्वयं गौ माताओं को पौष्टिक आहार रुपी चना एवं अन्य उत्कृष्ट सामग्रीयां अपने हाथों से गौ माताओं को खिलाने का कार्य किया, तथा गौ माता का पूजन कर निरंतर समय समय पर गौ माताओं की सेवा का संकल्प भी लिया। इसी के साथ गौशाला के हॉल में सदस्यों ने जनरल बॉडी की मिटिंग लेकर सेवा सप्ताह एवं अभी तक आयोजित किये गए कार्यक्रमों की समीक्षा की, तथा आगे की रुपरेखा भी तय की।

लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल के अध्यक्ष एमजेएफ अभिषेक शर्मा एवं सचिव रोहित चांदवानी तथा चेयरपर्सन एमजेएफ ला. राम अग्रवाल एवं ला. नेहा राम अग्रवाल के नेतृत्व में यह सेवाकार्य किया गया, जिसे सफल बनाने में लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल के 60 सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप मे जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**




# चोरी के अपराध में गोंदिया पुलिस ने 3 आरोपीयों को गिरफ्तार कर किया 2.51 लाख का माल बरामद, 04 चोरियों का किया खुलासा..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

स्थानीय अपराध शाखा, गोंदिया की टीम ने रामनगर थाना क्षेत्र में हुई चार चोरीयों जिसमें गोंदिया ग्रामीण थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी तथा डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़) से मोटर साइकिल चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किया गया कुल 2 लाख 51 हजार 500 रुपये का मुद्देमाल बरामद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र निवासी विलास कवडू बोरकर की शिकायत पर 7 से 9 अगस्त 2026 के बीच हुई चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने घर के लोहे के चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी नकदी, सोने-चांदी के आभूषण तथा रियलमी कंपनी का टैबलेट, कुल 1 लाख 61 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया था। इस मामले में रामनगर थाने में अपराध क्रमांक 464/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख भामरे के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। पुलिस को मिली जानकारी के आधार पर निखिल मेघश्याम यादव, स्वप्निल उके तथा एक विधि-संघर्षग्रस्त बालक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने रामनगर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उन्होंने 8 अगस्त की रात नर्मदा मंदिर के पास, सूर्याटोला, रामनगर क्षेत्र में एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और रियलमी कंपनी का टैबलेट चोरी करने की बात कबूल की। पूछताछ में आरोपियों ने जून-जुलाई 2026 के दौरान गड़ाटोली, अंगूर बगीचा, सूर्याटोला एवं फुलचूर में भी चोरी करने तथा डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ से एक मोटर साइकिल चोरी करने की जानकारी दी। आरोपियों से चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस द्वारा बरामद किए गए सामान में 76 हजार रुपये नकद, रियलमी कंपनी का टैबलेट जिसकी कीमत 10 हजार रुपये, 8 नग पीली धातु की अंगूठियां, पीली धातु की अन्य वस्तुएं, चांदी के आभूषण, एक हीरो कंपनी की ॥स्न ष्ठद्गद्यह्व×द्ग मोटरसाइकिल जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये तथा अपराध में इस्तेमाल किए गए 3 एंड्रॉयड मोबाइल फोन शामिल हैं। बरामद मुद्देमाल की कुल कीमत 2 लाख 51 हजार 500 रुपये बताई गई है। तीनों आरोपियों को आगे की जांच के लिए रामनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया है।




# ज्योति स्नान महोत्सव के लिए दतिया रवाना हुए श्रद्धालुओं का गोंदिया स्टेशन पर वीएसएस ग्रुप ने किया अभिनंदन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

मध्य प्रदेश के दतिया में आयोजित ज्योति स्नान महोत्सव में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन में 400 से अधिक श्रद्धालु आज दतिया के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर वीएसएस ग्रुप द्वारा गोंदिया रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर वीएसएस ग्रुप के संस्थापक विनोद (गुड्डू) चांदवानी, सचिव सुनील संभवानी, प्रकाश कोडवानी, गोविन्दराम खटवानी, गगन मखीजा, रामचंद चुगवानी सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वीएसएस ग्रुप के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं को शाल श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन करते हुए ज्योतिन वारे साईं के पावन दर्शन एवं आशीर्वाद से सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे, ऐसी मंगलकामना की गई। श्रद्धालुओं में ज्योति स्नान महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com